वर्ष : 17 अंक: 39 | आगरा | शुक्रवार 23 मई 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 30 डिग्री



## हमारी सेना PAK को घुटनों पर लाईः अब मोदी की नसों में खून नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा-पीएम मोदी

**बीकानेर (ए.)**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार बीकानेर आए। जिला मुख्यालय से 22 किमी दूर देशनोक के पलाना में हुई सभा में मोदी करीब 40 मिनट बोले। उन्होंने साफ कर दिया कि पाकिस्तान की हर हरकत का करारा जवाब दिया जाएगा। भारतीयों की जान से खेलने वालों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। हिंदुस्तान का लहू बहाने वालों को कतरे-कतरे का हिसाब चुकाना पड़ेगा। इससे पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान की सीमा के नजदीक देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही 26 हजार करोड़ रुपए के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। बीकानेर के नाल एयरबेस से मोदी सीधे करणी माता के मंदिर गए और पूजा-अर्चना की। यहां से पलाना गांव में जनसभा करने पहुंचे।

**ऑपरेशन सिंदूर पर सुनाई कविता**



### पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर किया

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

### 22 मिनट में आतंकी ठिकाने तबाह किए

पहलगाम हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह किए। दुनिया ने देखा कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है? पांच साल पहले बालाकोट में देश ने एयरस्ट्राइक की थी। उसके बाद मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। वीर भूमि का ही ये तप है कि ऐसा संयोग फिर बना कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बीकानेर में सभा हो रही है।

### आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय किए

ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से निपटने के तीन सूत्र तय किए। पहला, भारत पर आतंकी हमला हुआ तो करारा जवाब मिलेगा। समय हमारी सेनाएं तय करेंगी, तरीका भी हमारी सेना तय करेगी और शर्तें भी हमारी होंगी। दूसरा, एटम बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। तीसरा, हम आतंक के आकाओं और आतंक की सरपरस्त सरकार को अलग-अलग नहीं देखेंगे। उन्हें एक ही मानेंगे।

## विदेश मंत्रालय बोला- बातचीत और आतंकवाद साथ नहींः तुर्किये से कहा-पाकिस्तान को समझाए कि आतंक का साथ न दे; PAK से केवल द्विपक्षीय बातचीत

**नई दिल्ली/श्रीनगर (ए.)**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के दावे पर भारत के विदेश मंत्रालय का बयान आया। वीकली प्रेस ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी संबंध द्विपक्षीय होना चाहिए, बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। तुर्किये पर विदेश मंत्रालय ने कहा- हम उम्मीद करते हैं कि तुर्किये, पाकिस्तान से कहेगा कि वह सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे और उस आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कदम उठाए, जिसे उसने दशकों से पनाह दे रखी है। द्विपक्षीय रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर ही बनते हैं। जायसवाल ने ये भी कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान, आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता। जैसा कि क्रूने कहा है- पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। व्यापार और आतंकवाद भी एक साथ नहीं चल सकते। इधर, जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के सिंहपोरा और छतरू इलाके में गुरुवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से फायरिंग हुई, जिसमें सेना का एक जवान घायल हो गया। इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई। इन दोनों इलाकों में आतंकियों की तलाश जारी है।

## सीएम योगी बोले-अहिल्याबाई होल्कर के नाम से जाना जाएगा औरैया का मेडिकल कॉलेज

**लखनऊ (ए.)**



महापुरुषों को जाति, मत या मजहब के आधार पर बांटा नहीं जा सकता. पिछली सरकारों ने महापुरुषों को विभाजित करने का प्रयास किया. समाजवादी पार्टी के शासनकाल में औरैया में माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर स्थापित डिग्री कॉलेज का नाम बदलने का प्रयास किया गया था. भाजपा सरकार ने औरैया के मेडिकल कॉलेज का नाम माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने का निर्णय लिया है.

ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कही. वह अपने सरकारी आवास पर आयोजित पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के तहत आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम में प्रदेशभर से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे.

पीएम मोदी से प्रेरित हो रहे देश के लोग ~ सीएम योगी ने कहा कि जहां सदाचार और सद्बुद्धि है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक ऊर्जा की सराहना करते हुए सीएम ने कहा कि देश के 140 करोड़ लोग उनसे प्रेरित हो रहे हैं. सीएम ने साल 2014 से पहले की सरकारों पर भारत को भारतीय दृष्टिकोण से न देखने का आरोप लगाया.

**नई ऊंचाइयों को छू रहा भारत ~** सीएम ने कहा कि राम और कृष्ण को काल्पनिक बताया गया. रामसेतु को तोड़ने की कोशिश की गई. साल 2014 से पहले भ्रष्टाचार, अविश्वास, अराजकता व राजनीतिक साजिश का बोलबाला था. मोदी सरकार ने नेशन फर्स्ट का भाव पैदा किया. इसके परिणामस्वरूप आज भारत गर्व के साथ नई ऊंचाइयों को छू रहा है. उन्होंने कहा कि नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नहीं. ऑपरेशन सिंदूर इसका जीवंत उदाहरण है.

## राष्ट्रपति ने दिए गैलेंट्री अवॉर्ड्सः असाधारण बहादुरी और बलिदान देने वाले जवानों को शौर्य चक्र और कीर्ति चक्र दिए

**नई दिल्ली (ए.)**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में रक्षा अलंकरण समारोह-ढ्ढ में वीरता पुरस्कार प्रदान किए। ये अवॉर्ड ड्यूटी के दौरान असाधारण बहादुरी, समर्पण और बलिदान देने वालों के सम्मान में दिए गए। पहले चरण में दिए गए गैलेंट्री अवॉर्ड के लिए राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहे। शौर्य चक्र पाने वालों में स्क्वॉड्रन लीडर दीपक कुमार, राजपूत रेजिमेंट 44वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर विजय वर्मा, डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार, सीआरपीएफ के जेफरी हमिंगचुल्लो, इंस्पेक्टर (जीडी), जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्पेशल पुलिस ऑफिसर अब्दुल लतीफ, पैराशूट रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल सीवीएस निखिल, आर्मी सर्विस कोर के मेजर तृप्तप्रीत सिंह का नाम शामिल है। इनके अलावा जम्मू और कश्मीर राइफल्स 5वीं बटालियन के सूबेदार संजीव सिंह जसरोटिया, लेफ्टिनेंट कमांडर कपिल यादव, कर्नल पवन सिंह, 666 आर्मी एविएशन स्क्वॉड्रन, विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन, स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार, द आर्टिलरी रेजिमेंट के सूबेदार पी. पबिन सिंगा, मेजर साहिल रंधावा को शौर्य चक्र दिया गया।

## वक्फ कानून- सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

### सिब्बल बोले- 200 साल पुराने कब्रिस्तान भी छिन जाएंगे, सरकार अपनी गलती का फायदा नहीं उठा सकती

**नई दिल्ली (ए.)**



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया है। इन मुद्दों कोर्ट द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को डिनोटिफाई करना, वक्फ-बाय-यूजर या वक्फ बाय डीड शामिल है। फैसला सुरक्षित रखने से पहले सुप्रीम कोर्ट ने लगातार तीन दिन सुनवाई की। CJI गवई ने कहा कि वक्फ के रजिस्ट्रेशन की जरूरत 1923 और 1954 के पूर्व कानूनों के तहत रही है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि वक्फ के दर्जे को लेकर एक बार जांच शुरू हो जाए तो रिपोर्ट आने तक वक्फ का दर्जा खत्म हो जाता है।

## J&K के पूर्व राज्यपाल मलिक के खिलाफ CBI की चार्जशीट

## कीरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में 2200 करोड़ की गड़बड़ी का आरोप

**नई दिल्ली (ए.)**



केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत 5 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपए के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है। CBI ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की थी। दरअसल, सत्यपाल मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते 300 करोड़ की रिश्वत ऑफर हुई थी, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया। इसके बाद CBI ने अप्रैल 2022 में जम्मू-कश्मीर सरकार के कहने पर मामला दर्ज किया था। मलिक अगस्त 2018 से अक्टूबर 2019 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे। चार्जशीट दाखिल होने के बाद सत्यपाल मलिक ने सोशल मीडिया पर कहा कि वो अस्पताल में भर्ती हैं और किसी से बात करने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने लिखा कि उन्हें शुभचिंतकों के फोन आ रहे हैं, लेकिन वो जवाब नहीं दे पा रहे।

## वाराणसी में ATS ने पाकिस्तानी जासूस पकड़ाः मोबाइल में 600 पाकिस्तान के नंबर मिले



मोहम्मद तुफैल, वाराणसी

**वाराणसी** यूपी ATS ने गुरुवार को वाराणसी से पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद तुफैल को गिरफ्तार किया। वह पाकिस्तानी सेना के एक अफसर की पत्नी से 4 महीने तक संपर्क में रहा। तुफैल वाराणसी में नवापुरा, आदमपुरा का रहने वाला है। छानबीन में सामने आया है कि तुफैल ने पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक के नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर किए थे। साथ ही, 'गजवा-ए-हिंद करने, बाबरी मस्जिद का बदला लेने और भारत में शरीयत लागू करने से जुड़े मैसेज शेयर किए थे। खुफिया एजेंसियों का इनपुट है कि तुफैल ने राजधानी दिल्ली से लेकर वाराणसी तक के अहम स्पॉट की तस्वीरें और उनसे जुड़ी जानकारियां शेयर की।

## तमिलनाडु में मालगाड़ी के दो डिब्बे ट्रैक से नीचे उतरे



**तमिलनाडु** के रणिपेट जिले में अरक्कोनम नॉर्थ केबिन के पास गुरूवार को एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन इससे कई ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। कुछ ट्रेनें रद्द हुई हैं और कुछ लेट चल रही हैं। रेलवे की टीम मौके पर पहुंचकर काम में जुटी है।

## यूपी में आंधी-बारिश से 58 की मौत,महिला की गर्दन कटी, पुंछ में तूफान से स्कूल ढहे

**नई दिल्ली (ए.)**



मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है। उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम मेरठ, आगरा समेत 28 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में दो दिन में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने और अन्य हादसों में 58 लोगों की मौत हो गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने मुताबिक, आज 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट रहेगा। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में स्पष्ट के आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है। इधर, दिल्ली-NCR में बुधवार शाम करीब 8 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे तक गिर गए, जिस वजह से रास्ते जाम हो गए।

## सिवनी मालवा में भारत के वीर सैनिकों के सम्मान में निकली 'तिरंगा यात्रा'

**भोपाल ब्यूरो।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में देश के वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। अपार जोश और उल्लास के साथ तिरंगा यात्रा स्थानीय शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्रारंभ हुई और नर्मदापुरम मार्ग से होकर कृषि उपज मंडी प्रांगण में सम्पन्न हुई। तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव तिरंगे फूलों से सजाए गए विशेष रथ में सवार थे। उन्होंने इस दौरान हाथ हिलाकर नागरिकों का अभिवादन किया। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा शहर राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत हो गया और आसमान भारत माता की जय और वंदे-मातरम् के उद्घोष से गुंजायमान हुआ। यात्रा में लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह, क्षेत्रीय सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेम शंकर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा लिए सभी समुदायों और सभी आयु वर्ग के नागरिक बड़ी संख्या में इस तिरंगा यात्रा में भरपूर उत्साह के साथ शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल नागरिकों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक संगठनो द्वारा आतिशबाजी की गई और तिरंगा यात्रा में शामिल नागरिकों पर पुष्प वर्षा भी की गई।

# भागवत पंडालों में महिलाओं के आभूषण चोरी करने वालीं दो शातिर महिला गिरफ्तार

## पलक झपकते उड़ाती थीं गहने, भीड़ में बनाती थीं निशाना

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पुलिस ने गुरुवार को पिढौरा थाना क्षेत्र के राटौटी तिराहे से दो शातिर महिला चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। ये दोनों महिलाएं भीड़-भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और सोने की चेन को पलक झपकते ही उड़ाने में माहिर थीं। इनके पास से चोरी के आभूषण बरामद कर लिए गए हैं। थाना प्रभारी पिढौरा हरीश कुमार शर्मा के मुताबिक 21 मई को महिला श्रीमती सोभा देवी द्वारा थाना पिंढौरा पर तहरीर दी गयी कि बुधवार को पीड़िता ग्राम पुरा बघेल थाना पिढौरा में भागवत कथा में शामिल होने गयी थी। कथा सुनने के बाद जब पीड़िता प्रसाद लेने गयी तो भीड़ का फायदा उठाकर 02 अज्ञात महिलाओं द्वारा उसके गले से मंगलसूत्र व उसकी बहन के गले से सोने की चैन छीन ली। उक्त घटना के सम्बन्ध मे थाना पिंढौरा पर मुकदमा दर्ज पुलिस टीमों का गठन किया गया।

### मुखबिर की सूचना पर पकड़ी गई चोर महिलाएं

गुरुवार को पुलिस को एक मुखबिर से जानकारी मिली थी कि दो संदिग्ध महिलाएं राटौटी तिराहे के पास सक्रिय हैं और चोरी की फिराक में घूम रही हैं। तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी पिंढौरा हरीश कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर तत्परता दिखाते हुये 02 महिला अभियुक्तों रितू काल्पनिक नाम) पत्नी राजेश निवासी राजीव टॉकिज थाना शाहगंज व जया(काल्पनिक नाम) पत्नी सतीश निवासी ग्राम बाईपुर जिला सोनीपत राज्य हरियाणा को ग्राम राटौटी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई शातिरों के कब्जे से 01 अदद पीली धातु की चैन व 01 अदद मंगलसूत्र पीली धातु बरामद हुआ।पूछताछ में दोनों ने कई चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है।

### भीड़ में करती थीं वार, पलक झपकते हो जाती थीं गायब

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर पकड़ी गई दोनों शातिर महिलाओं ने बताया कि भीड़ वाली जगहो पर महिलाओं को धक्का देकर उनके आभूषण छिनैती कर लेती है। बरामद माल के बारे मे पूछताछ करने पर महिला अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि 21 मई दिन बुधवार को महिला अभियुक्तों द्वारा ग्राम पुरा बघेल थाना पिढौरा में भागवत कथा चल रही थी ।भीड़ का फायदा उठाकर 02 महिलाओं से छीन ली थी।

ऐसे में ये पलक झपकते ही गले से सोने की चेन या मंगलसूत्र चोरी कर फरार हो जाती थीं। कई बार पीड़िता को तब पता चलता जब वे घर पहुंचती थीं।पुलिस गिरफ्तार दोनों महिलाओं को न्यायालय में पेश करने जा रही है।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल अधिकारी

पुलिस टीम में थाना प्रभारी पिढौरा हरीश कुमार शर्मा उप निरीक्षक आकाश पुनिया उप निरीक्षक तालिब चौहान महिला उप निरीक्षक दीपिका महिला कास्टेबल चंचल त्यागी कास्टेबल भरत शर्मा व वेदान्त तेवतिया शामिल रहें।

# बुधवार रात की आंधी का आज तक असर, तमाम जगह विद्युत आपूर्ति भंग : पानी का गहराया संकट

## शहर ही नहीं, ग्रामीण इलाको में बड़ी संख्या में विद्युत पोल गिरे हैं, जिन्हें बदलने का काम शुरू हो चुका है



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** बुधवार की रात आगरा में आए तूफान का असर आज सुबह तक देखा गया। तूफान ने आगरा शहर ही नहीं, ग्रामीण इलाकों में जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। अभी भी तमाम इलाकों में विद्युत आपूर्ति भंग पड़ी हुई है, जिससे पानी का भी संकट पैदा हो गया। तूफान के दौरान सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटाने का काम सुबह तक जारी था। जिले में भर में विद्युत विभाग की टीमें विद्युत सप्लाई बहाल करने के लिए जुटी हुई हैं।

### बिजली सप्लाई ठप, रात अंधेरे में और सुबह पानी का संकट

तूफान के दौरान आगरा के शहरी और देहात क्षेत्रों में दर्जनों स्थानों पर बिजली के खंभे टूट गए और लाइनें गिर गईं। इसका असर यह हुआ कि पूरी रात लोगों को अंधेरे में गुजारनी पड़ी। कई इलाकों में ट्रांसफॉर्मर जल जाने के कारण विद्युत आपूर्ति अभी तक बहाल नहीं हो सकी है। यमुना पार के सुशील नगर, कछपुरा और इरादतनगर के तोर गांव सहित कई जगहों पर बिजली के पोल और तार टूट गए।अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी रात बिजली नहीं रही। शहरी क्षेत्र के कुछ इलाकों में रात एक बजे के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो गई थी जबकि तमाम क्षेत्र ऐसे थे जहां पूरी रात बिजली नहीं रही। मारुति एस्टेट में सुबह दस बजे बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। गुरुवार सुबह सबसे बड़ी समस्या पानी की किल्लत के रूप में सामने आई। बिजली न होने से गांवों में मोटरें नहीं चल सकीं। लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान दिखे। महिलाएं बाल्टियां लेकर दूर-दूर तक पानी की तलाश में भटकती रहीं।दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की टीमें गुरुवार सुबह से मरम्मत कार्य में जुटी हुई हैं। टूटे पोल बदले जा रहे हैं और तार जोड़े जा रहे हैं। कई रास्तों से पेड़ों को हटाया जा चुका है, ताकि यातायात सामान्य हो सके।

### आवागमन प्रभावित, सड़कों पर गिरे पेड़ बने बाधा

यमुना पार, ताजगंज, फतेहाबाद रोड, दयालबाग, अछनेरा, खंदौली और किरावली, बाह, पिनाहट जैसे कई इलाकों की सड़कों पर पेड़ गिरने से रास्ते आंशिक या पूर्ण रूप से बंद हो गए। कई जगहों पर आज सुबह भी रास्ते अवरुद्ध थे। सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटाने का काम जारी था।

### चलती कार पर गिरा पेड़, कई हादसे दर्ज

आगरा शहर में कोठी मीना बाजार के पास तेज आंधी के दौरान एक पेड़ चलती कार पर गिर गया, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और राह चलता एक व्यक्ति दब गया। सदर क्षेत्र में एक भारी होर्डिंग गिरने से वहां खड़ी कार को नुकसान पहुंचा। शहर भर में चाट स्टाल और ठेले भी तेज हवाओं की चपेट में आकर बिखर गए।

रात आई तेज हवाओं ने शहर के प्रमुख स्ट्रीट फूड बाजारों–सदर, संजय प्लेस और राजपुर चुंगी में लगे चाट व अन्य ठेलों को भारी नुकसान पहुंचाया। अरतौनी गांव में एक विद्युत पोल गिरने से उसके पास मौजूद कई श्रमिकों की जान बाल-बाल बची। यह पोल पहले से ही जर्जर था और गांव के लोग लम्बे समय से इसे बदलने की मांग कर रहे थे, लेकिन जेई ने इस मांग को अनसुना किया।

### गांव में लगी आग, आधा दर्जन मकानों को नुकसान

आंधी के दौरान इरादतनगर के तोर गांव में एक बस्ती में आग लग गई, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग से छह से अधिक घरों को क्षति पहुंची है। प्रशासनिक टीमें मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं।

# शाहरुख हत्याकांड का 12 घंटे में खुलासा: पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल दूसरा गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** धारदार हथियार से व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर मरणासन्न स्थिति मे पहुंचाने एवं इलाज को दौरान व्यक्ति की मृत्यु की घटना में बांछित दो अभियुक्तों को थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ में किया गिरफ्तार, एक अभियुक्त पुलिस मुठभेड में हुआ घायल।एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी के अनुसार एक व्यक्ति द्वारा थाना शाहगंज पर तहरीर दी गयी कि पीड़ित खेरिया मोड़ थाना शाहगंज के निवासी है। और 06 मई को चांद, छोटू, मुबारक, इस्माइल खां, पंडित, तोहिद व सोहिल, और पूई पूई पुत्र एनपी इन सभी ने मिलकर उसके भाई शाहरूख को धारदार हथियार से मारपीट की उसके भाई का इलाज हॉस्पीटल में चल रहा था। 21 मई को उसके भाई की मृत्यु हो गयी है। इस मामले में थाना शाहगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना शाहगंज पर पुलिस टीमों का गठन किया गया।

एसीपी मयंक तिवारी ने बताया कि गुरुवार को गठित पुलिस टीमों ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर हत्या की घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों को थाना क्षेत्रांतर्गत संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग के दौरान सरिता धाम रोड़ के पास रोकने पर अभियुक्तों द्वारा भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर अवैध तमंचे से जानलेवा हमला करते हुए फायर किया गया, पुलिस टीम द्वारा जवाबी कार्यवाही में एक अभियुक्त तोहिद पैर में गोली लगने से घयाल हो गया। पुलिस मुठभेड़ मे घायल अभियुक्त तोहिद को गिरफ्तार किया गया एवं उसके साथी अभियुक्त चांद को भी गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम द्वारा घायल अभियुक्त तोहिद को इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया। दोनों अभियुक्तो के कब्जे 01 अवैध तमंचा .315 बोर, मय 01 जिंदा, 01 खोखा कारतूस .315 बोर, व रू0 400/ (जामातलाशी) बास्मद हुए।

### राजस्थान भागने की सिफारिश में थे आरोपी

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर अभियुक्त तोहिद ने बताया कि उसने अपने साथी चांद, छोटू, मुबारक अली, पंडित, सोहिल, पुई पूई के साथ मिलकर 06 मई को शाहरूख पुत्र अनीस को मारा पीटा था जिसकी मृत्यु 21 मई को हो गयी थी। शाहरूख की मौत होने के बाद अभियुक्त तोहिद तथा चांद पुत्र मुबारक पैदल चलकर ही रात्रि के समय राजस्थान भागने के लिये जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए अभियुक्तों में पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त तौहीद पुत्र पप्पू निवासी राधेवाली गली, कमाल खा थाना शाहगंज ओर चांद पुत्र मुबारिक निवासी थाना शाहगंज जनपद आगरा हैं अभी अभियुक्त छोटू पुत्र इस्माइल खा निवासी राधेवाली गली थाना शाहगंज व मुबारक अली पुत्र इस्माइल खां निवासी राधेवाली गली थाना शाहगंज व पंडित पुत्र कासिम निवासी राधेवाली गली थाना शाहगंज व सोहिल पुत्र इन्साफ अली निवासी राधेवाली गली थाना शाहगंज और पुई पूई पुत्र एनपीं निवासी राधेवाली गली थाना शाहगंज जनपद आगरा अभी फरार चल रहे हैं उनको जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### कार्यवाही करने वाली टीम में ये रहे शामिल

पुलिस टीम में एसआई जितेन्द्र कुमार एसआई अभिषेक कुमार एसआई हर्ष प्रकाश एसआई रवेन्द्र सिंह एसआई विमलेश सिंह प्रशिक्षु एसआई सुधांशु सिंह और अंकुर यादव व हेड कांस्टेबल उपेन्द्र सिंह कास्टेबल धनप्रकाश, व शैलेन्द्र कुमार व शीशपाल सिंह शामिल रहें।

# इरादतनगर में तेज आंधी के बाद भीषण आग: दर्जनों जानवर और झोपड़ियां खाक, ग्रामीणों में हड़कंप

सांध्य पहल संवाददाता



आगरा । थाना इरादतनगर क्षेत्र के तौर गांव में बुधवार देर रात तेज आंधी ने जमकर कहर बरपाया। आंधी के साथ ही एक भीषण आग लग गई, जिसने देखते ही देखते दर्जनों जानवरों और कई रियायशी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि पूरे गांव में हड़कंप मच गया।ग्रामीणों के अनुसार, तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैली और उसने कई घंटों तक तांडव मचाया। इस घटना में एक दर्जन से ज्यादा बकरियां और एक भैंस जिंदा जलकर खाक हो गईं, जिससे पशुपालकों को भारी नुकसान हुआ है। इसके साथ ही, कई गरीब परिवारों की रियायशी झोपड़ियां भी पूरी तरह जलकर राख हो गईं, जिससे वे बेघर हो गए हैं। सूचना मिलने पर मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचीं। पुलिस, फायर ब्रिगेड कर्मियों और स्थानीय ग्रामीणों ने मिलकर कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अगर समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं किया जाता तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।

# इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली में ''एक राष्ट्र-एक चुनाव'' विषय पर विशेष सत्र का हुआ आयोजन

## केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ, क्षेत्रीय निदेशक इग्नू डॉ. अजय वर्धन आचार्य के नेतृत्व में अलीगढ़ कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण

**अलीगढ़।** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली के आम्बेडकर सभागार में ''एक राष्ट्र-एक चुनाव'' विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। विशेष सत्र के मुख्य अतिथि मा0 कृषि कल्याण एवं ग्रामीण विकास पंचायती राज मंत्री, भारत सरकार श्री शिवराज सिंह चौहान रहे। विशेष समारोह में श्री सुनील बंसल एवं इग्नू की कुलपति श्रीमती उमा काजीलाल रही। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री शिवराज सिंह चौहान, कुलपति श्रीमती उमा काजीलाल, सुनील बंसल एवं आलोक चौबे रजिस्ट्रार द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इग्नू के विशेष सत्र ''एक राष्ट्र-एक चुनाव'' पर मुख्य अतिथि मा0 केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से राष्ट्र की नीतियो में स्पष्टता आयेगी। जब सरकार के तीनों स्तरों पर एक साथ चुनाव कराए जायेगें तो सरकारी खजाने पर वित्तीय बोझ कम होगा। एक राष्ट्र एक चुनाव के कार्यान्वयन से संसाधनों का अनुकुलतम उपयोग सुनिश्चत होगा। इग्नू के इस विशेष सत्र का सजीव प्रसारण इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र अलीगढ़ में क्षेत्रीय निदेशक इग्नू डॉ. अजय वर्धन आचार्य एवं समस्त स्टाफ के साथ ही विभिन्न क्षेत्रीय केन्द्रो एवं विद्यार्थी सहायता सेवा केन्द्रों पर देखा गया।

# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़: 25 हजार का इनामी गैंगस्टर मंगलेश गिरफ्तार, एक बदमाश फरार

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना डौकी पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। चेकिंग के दौरान पुलिस की मुठभेड़ 25 हजार के इनामी बदमाश मंगलेश से हुई। मुठभेड़ में मंगलेश के पैर में गोली लगी, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाश मंगलेश पर 14 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक बाइक, तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। एसीपी फतेहाबाद अमरदीप लाल के मुताबिक देर शाम को थाना डौकी पुलिस और सर्विलांस की टीम आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के नजदीक विसारना के पास चेकिंग अभियान चला रही थी कि तभी दो संदिग्ध व्यक्ति बाइक से आए। पुलिस द्वारा रोके जाने पर उन्होंने फायरिंग कर दी, जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने मुठभेड़ में एक बदमाश को दबोच लिया, बदमाश मंगलेश निवासी फतेहाबाद पैर में गोली लगी है। जबकि दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश को आगरा के एसएन इमरजेंसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। एसीपी फतेहाबाद अमरदीप लाल के मुताबिक बदमाश पर 14 मुकदमे दर्ज हैं, कई मामलों में बदमाश वांछित चल रहा था। जिस पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। और 25000 का इनाम भी है। पुलिस अब फरार हुए बदमाश की तलाश में जुटी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई का संदेश गया है।

# किरावली में अंग्रेजी शराब व बीयर की दुकान में सेंधमारी, दीवार काटकर नकदी और महंगी शराब ले उड़े चोर

## एक माह में दूसरी वारदात, सीसीटीवी फुटेज के बावजूद खाली हाथ पुलिस

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के महुअर गांव स्थित जयपुर-आगरा हाईवे पर स्थित कंपोजिट अंग्रेजी बीयर की दुकान में गुरुवार रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान की पिछली दीवार काटकर भीतर घुसे और हजारों रुपये नकद व महंगी विदेशी शराब समेटकर फरार हो गए। दुकानदार मालिक चंचल सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह निवासी अभूआपुरा ने थाने में दर्ज कराई तहरीर में बताया कि चोरों ने करीब 7 हजार रुपये नकद, 14 पव्वे अंतिकुटी, 14 ब्लैक डॉग, 14 आरसी, 2 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड और 24 टीन बीयर चोरी की।चोरी की यह वारदात न केवल क्षेत्र में बढ़ते अपराध को उजागर कर रही है, बल्कि पुलिस की लचर कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रही है। खास बात यह है कि महज एक माह पूर्व इसी दुकान से सटी देशी शराब की दुकान को भी चोरों ने निशाना बनाया था। तब भी दीवार काटकर चोरी की गई थी, और सीसीटीवी फुटेज होने के बावजूद पुलिस अब तक खाली हाथ है। थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ा जाएगा। हालांकि, स्थानीय लोग पुलिस की इन बातों से संतुष्ट नहीं हैं।क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से आमजन में भारी आक्रोश है।

# राज्य निर्यात पुरस्कार के लिए 15 जुलाई तक करें आवेदन

**अलीगढ़।** संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने जिले के सभी निर्यातकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य निर्यात पुरस्कार योजनार्न्तगत 15 जुलाई तक आवेदन चाहे गये हैं। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत ऐसी समस्त निर्यातक इकाईयां जो निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो उत्तर प्रदेश में ऑनलाईन पंजीकृत हैं एवं उनके द्वारा विगत 02 वित्तीय वर्षों में प्रत्येक वर्ष अलग-अलग न्यूनतम 30 लाख रूपये का निर्यात किया गया है, आवेदन करने करने के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि राज्य निर्यात पुरुस्कार के लिए निर्धारित श्रेणियो में आवेदन पत्र संलग्न प्रारूप पर भरवाकर वांछित संलग्नों के साथ कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र में 15 जुलाई तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि समयान्तर्गत आवेदन पत्रों को निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, लखनऊ भेजे जा सके।

# ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, महिला और बच्चा समेत कई घायल



**आगरा।** शहर के वाटर वर्क्स चौराहे से जीवनी मंडी की ओर जाने वाले मार्ग पर बीती रात एक ट्रक द्वारा ऑटो में टक्कर मार दी गई। इस हादसे में एक महिला, एक बच्चा और अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो में टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक नशे की हालत में था। दुर्घटना होते ही आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चालक को पकड़ लिया और डायल 112 तथा एम्बुलेंस को सूचना दी।हालांकि लोगों का कहना है कि काफी देर तक घायलों को कोई इमरजेंसी सेवा नहीं मिल सकी। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु बैठक 23 मई को

**अलीगढ़।** मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु बैठक 23 मई को सांय 04 बजे से कमिश्नरी सभागार में आयोजित की जायेगी। संयुक्त आयुक्त उद्योग बीरेन्द्र कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, औद्योगिक संगठनों से प्राप्त प्रकरणों पर चर्चा, निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा उपरांत लम्बित प्रकरणों पर विचार, विभागीय ऋष्ा योजनाओं समेत अन्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था एवं राजस्व संग्रह की मण्डलीय बैठक संपन्न

**अलीगढ़।** मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था एवं राजस्व संग्रह की समीक्षा के लिए मण्डलीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अलीगढ़ मण्डल क जिलाधिकारियों, सीडीओ एवं संबंधित विभागों से मण्डलीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा विकास कार्यों की प्रगति, कानून व्यवस्था की स्थिति एवं राजस्व संग्रह की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जिले स्तर पर नियमित पेट्रोलिंग, थाना प्रभारियों की जवाबदेही एवं शांति समिति की सक्रियता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।


**कानपुर सेन्ट्रल के स्थान पर गोविन्दपुरी स्टेशन स्थानांतरित हुआ रेलगाड़ियों का ठहराव**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित रेलगाड़ियों का कानपुर सेन्ट्रल के स्थान पर गोविन्दपुरी स्टेशन पर ट्रेनों का ठहराव स्थानान्तरित किए जाने का निर्णय लिया गया है। निम्न रेलगाड़ियाँ अपने पूर्व निर्धारित मार्ग चन्दारी–कानपुर सेन्ट्रल–कानपुर गुड्स मार्शल–गोविन्दपुरी पनकीधाम के स्थान पर अब चन्दारी कानपुर गुड्स मार्शल गोविन्दपुरी पनकीधाम के रास्ते चलेंगी। जिसका विवरण निम्नवत है :

अप डायरेक्शन की रेलगाड़ियाँ

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | कानपुर सेन्ट्रल पर वर्तमान ठहराव आगमन | कानपुर सेन्ट्रल पर वर्तमान ठहराव प्रस्थान | गोविन्दपुरी स्टेशन पर स्थानान्तरित ठहराव आगमन | गोविन्दपुरी स्टेशन पर स्थानान्तरित ठहराव प्रस्थान | प्रा. स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12379 | सियालदह | अमृतसर जं. | 03:05 | 03:10 | 03:05 | 03:10 | 25.07.2025 |
| 12329 | सियालदह | आनन्द विहार टू. | 03:05 | 03:10 | 03:05 | 03:10 | 29.07.2025 |
| 12443 | हल्दिया | आनन्द विहार टू. | 03:05 | 03:10 | 03:05 | 03:10 | 24.07.2025 |
| 12395 | राजेन्द्रनगर टू. | अजमेर जं. | 03:25 | 03:30 | 03:25 | 03:30 | 30.07.2025 |
| 22970 | बनारस | ओखा | 03:25 | 03:30 | 03:25 | 03:30 | 26.07.2025 |
| 12581/22581 | बनारस/बलिया | नई दिल्ली | 03:45 | 03:50 | 03:50 | 03:55 | 24.07.2025 |
| 22449 | गुवाहाटी | नई दिल्ली | 06:25 | 06:30 | 06:30 | 06:35 | 26.07.2025 |
| 12315 | कोलकाता | उदयपुर सिटी | 06:25 | 06:30 | 06:30 | 06:35 | 24.07.2025 |
| 14619 | अगरतला | फिरोज़पुर छावनी | 06:25 | 06:30 | 06:30 | 06:35 | 24.07.2025 |
| 22427 | बलिया | आनन्द विहार टू. | 06:25 | 06:30 | 06:30 | 06:35 | 27.07.2025 |
| 12987 | सियालदह | अजमेर जं. | 14:25 | 14:30 | 14:25 | 14:30 | 24.07.2025 |
| 12801 | पुरी | नई दिल्ली | 21:55 | 22:00 | 22:00 | 22:05 | 24.07.2025 |

डाउन डायरेक्शन की रेलगाड़ियाँ

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | कानपुर सेन्ट्रल पर वर्तमान ठहराव आगमन | कानपुर सेन्ट्रल पर वर्तमान ठहराव प्रस्थान | गोविन्दपुरी स्टेशन पर स्थानान्तरित ठहराव आगमन | गोविन्दपुरी स्टेशन पर स्थानान्तरित ठहराव प्रस्थान | प्रा. स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12380 | अमृतसर जं. | सियालदह | 01:10 | 01:15 | 01:00 | 01:05 | 27.07.2025 |
| 12330 | आनन्द विहार टू. | सियालदह | 01:10 | 01:15 | 01:00 | 01:05 | 30.07.2025 |
| 12444 | आनन्द विहार टू. | हल्दिया | 01:10 | 01:15 | 01:00 | 01:05 | 29.07.2025 |
| 12802 | नई दिल्ली | पुरी | 04:00 | 04:05 | 03:55 | 04:00 | 24.07.2025 |
| 12582/22582 | नई दिल्ली | बनारस/बलिया | 04:25 | 04:30 | 04:20 | 04:25 | 24.07.2025 |
| 22450 | नई दिल्ली | गुवाहाटी | 05:20 | 05:25 | 05:10 | 05:15 | 27.07.2025 |
| 14620 | फिरोज़पुर छावनी | अगरतला | 05:20 | 05:25 | 05:10 | 05:15 | 28.07.2025 |
| 22428 | आनन्द विहार टू. | बलिया | 05:20 | 05:25 | 05:10 | 05:15 | 26.07.2025 |
| 12396 | अजमेर जं. | राजेन्द्रनगर टू. | 13:55 | 14:05 | 13:50 | 14:00 | 25.07.2025 |
| 22969 | ओखा | बनारस | 19:30 | 19:35 | 19:20 | 19:25 | 25.07.2025 |
| 12316 | उदयपुर सिटी | कोलकाता | 19:30 | 19:35 | 19:20 | 19:25 | 28.07.2025 |
| 12988 | अजमेर जं. | सियालदह | 23:05 | 23:15 | 22:55 | 23:05 | 25.07.2025 |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 886/25 (C)

# ईदगाह आगरा सहित यूपी के 19 रेलवे स्टेशनों का पीएम मोदी ने किया वर्चुअली उद्घाटन

## रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प पर सीएम योगी ने पीएम मोदी का जताया आभार, अमृत स्टेशनः गति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीक- सीएम योगी, अमृत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं- सीएम योगी

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आगरा रेल मंडल के पांच स्टेशन सहित देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए इसे %गति और गौरव के उत्तम समन्वय का नया प्रतीक% बताया है। उन्होंने कहा कि अमृत स्टेशन नये भारत के संकल्प को साकार करने वाले हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आगरा रेल मंडल के पुनर्विकसित ईदगाह आगरा, फतेहाबाद, मंडावर महुवा रोड, गोविंदगढ़ और गोवर्धन स्टेशनों का गुरुवार को सुबह 9.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली लोकार्पण किया। इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का विस्तार और सौंदर्यीकरण किया गया है। आगरा के ईदगाह रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। बीकानेर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के बाद लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा आज राष्ट्र को समर्पित किए गए उत्तर प्रदेश के 19 अमृत





स्टेशनों समेत देश के सभी 103 अमृत स्टेशन %नए भारत% में विरासत के संरक्षण, विकास के संकल्प तथा %गति एवं गौरव% के उत्तम समन्वय के नए प्रतीक हैं। देश भर में पुनर्विकसित ये अमृत स्टेशन ऐसे %नए भारत% की संकल्पना को साकार करते हैं। जहां सुविधाएं, तकनीक और सांस्कृतिक गौरव एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। निश्चित ही ये अमृत स्टेशन क्षेत्र के विकास, स्थानीय संस्कृति के उन्नयन, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार में सहायक सिद्ध होंगे। सीएम योगी ने यात्रियों को एकीकृत आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुलभ और आत्मीय यात्रा का अनुभव देने वाले इन अमृत स्टेशनों के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार जताया है। इस योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में पुनर्विकसित हुए आगरा मंडल के ईदगाह रेलवे स्टेशन में 12.8 करोड़ रुपये से यात्री सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। 2236 वर्ग मीटर स्टेशन का विस्तार और सुंदरीकरण हुआ है। छह मीटर चौड़ा नया फुट ओवर ब्रिज बनाया गया है। दिव्यांगजन पार्किंग, प्रतीक्षालय, लैंडस्केपिंग, स्टेशन प्रवेश रैंप, डिजिटल साइनेज, बुकिंग काउंटर का विस्तार हुआ है। 8500 वर्ग मीटर की पार्किंग विकसित की गई है। शौचालय का नवीनीकरण कराया गया है। फतेहाबाद रेलवे स्टेशन का 2.60 करोड़ रुपये से सुंदरीकरण हुआ है। यहां दिव्यांगजन पार्किंग, प्रतीक्षालय, बुकिंग काउंटर, डिजिटल साइनेज, शौचालयों का निर्माण हुआ है। मुख्य स्टेशन का 520 वर्ग मीटर विस्तार भी किया गया है। यह स्टेशन श्रेणी छह का है। 820 वर्ग मीटर में पार्किंग विकसित की गई है। वहीं मथुरा के गोवर्धन रेलवे स्टेशन का 16.34 करोड़ रुपये से सुंदरीकरण हुआ है। 12 मीटर चौड़ा नया फुट ओवर ब्रिज बनाया गया है। दिव्यांगजनों के लिए टिकट खिड़की, प्रतीक्षालय के अलावा मुख्य भवन का 687 वर्ग मीटर विस्तार हुआ है। 3800 वर्ग मीटर में पार्किंग विकसित की गई है। डिजिटल साइनेज भी लगाए गए हैं। बता दें कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के बलरामपुर, बरेली सिटी, बिजनौर, फतेहाबाद, गोला गोकर्णनाथ, गोवर्धन, गोविंदपुरी, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा, इज्जतनगर, करछना, मैलानी, पुखरायां, रामघाट हाल्ट, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सुरेमनपुर, स्वामिनारायण छपिया और उझानी स्टेशनों को इस योजना के तहत नया स्वरूप दिया गया है। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के बाद ईदगाह रेलवे स्टेशन शहर का दूसरा बड़ा स्टेशन बन गया है। जल्द ही यहां से कई और प्रमुख ट्रेनों का ठहराव भी होगा।इसके लिए रेलवे की ओर से कवायद शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल, विधायक डॉ. जीएस धर्मेश, विधायक चौधरी बाबूलाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# मौत को दावत देता है ब्रह्म नगर गांव का मुख्य मार्ग, मंदिर तक गुजरना पड़ता है नाली के पानी से

सांध्य पहल संवाददाता/प्रमोद कुमार

**आगरा।** ब्लॉक बरौली अहीर के अंतर्गत ग्राम पंचायत अकबरपुर गांव ब्रह्मनगर में तालाब की समस्या को लेकर कई सालों से लोग त्रस्त हैं। आपको बता दें कि गांव ब्रह्म नगर में तालाब का पानी बर्षा के मौसम में इतना भर जाता है कि घरों में पानी भर जाता है। पर कई बार प्रधान होने के बावजूद भी अभी तक कोई समस्या का हल नहीं निकाल पाए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कहे अनुसार तालाबों की खुदाई व पार बननी चाहिए वह पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण भी होना चाहिए। पर आपको बता दें कि तालाब की खुदाई में लीपापोती कर कर के फोटो खींच लेते हैं और अपनी जेब भरने का काम करते हैं। अगर अब देखा जाए कि गांव ब्रह्म नगर में तालाब के जलभराव से आम रास्ता भी रुक गया है। पर अभी तक कोई समस्या का हल नहीं हुआ है। तालाब के पानी ने आम रास्ता को बंद कर रखा गया है। छोटे-छोटे बच्चे तालाब के पानी से होकर स्कूल के लिए जाते हैं। आपको बता दें कि तालाब के पानी में कछुआ और सर्प ना जाने कितने जहरीले कीड़े मकोड़े होंगे और बिमारी फैलने का डर भी लोगों को सता



रहा है। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चे उस तालाब के पानी से गुजर कर अपने स्कूल जाते हैं, अगर उन्हें कुछ होता है तो इसके जिम्मेदार कौन होंगे।

# जश्न ए ऑपरेशन सिंदूरः भाजपा प्रबुद्ध वर्ग ने निकाली तिरंगा यात्रा, सेना के शौर्य को किया नमन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी प्रबुद्ध वर्ग के तत्वावधान में सेना के सम्मान में श्री राम पार्क जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल, आर के पुरम गैलाना रोड से महाराणा प्रताप पार्क तक सेना शौर्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सीमा सुरक्षा बल के पूर्व महानिरीक्षक श्री राम अवतार सिंह, आगरा महानगर अध्यक्ष श्री राजकुमार जी गुप्ता, पूर्व प्रमुख सचिव श्री शशिकांत शर्मा, सेना के वरिष्ठ अधिकारी ई महेश चंद्र, पूर्व मुख्य अभियंता एवं जिम कार्बेट ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक ई0 आर के सिंह राघव, मुरारी लाल कश्यप आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे और सभी ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा विभिन्न कॉलोनियों आर के पुरम, विश्वास पुरम नीरज नगर, जीवन बीमा कॉलोनी, निर्भय नगर, रणजी हाइट, सुलभ विहार से होकर वापिस श्री राम पार्क पहुंची, जहां स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। अखिल भारतीय



लोकसेवक महापरिषद के पूर्व वन अधिकारी श्री डी पी सिंह, जीवन बीमा निगम के बाबू राम कठेरिया जी, राष्ट्रीय ताप निगम के डी पी सिंह, रेलवे के एम शर्मा, पूर्व पुलिस अधीक्षक श्री आर पी सिंह, शक्ति हॉस्पिटल की डायरेक्टर डा मधुर चौहान, डा स्मिता राघव, डा राम लखन सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा. आर एन शर्मा, पार्षद विजय सिंह, एड0 बीपी सिंह चौहान, नीरज चौधरी, विजय सिकरवार, राधा कृष्ण लवानिया, निरंजन सिंह, हरि कृष्ण सारस्वत, डा. जे एस भारद्वाज, महेंद्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक धाकरे, अजित प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने बैंड के साथ भाग लिए। भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना के सम्मान में गगन भेदी नारे लगाए। कार्यक्रम संयोजक ई0 आर के सिंह राघव क्षेत्रीय संयोजक बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ब्रजक्षेत्र भाजपा रहे। सभी को धनबाद के साथ कार्य क्रम सम्पन्न हुआ।

# अतिक्रमण से मुक्त हुआ श्यामों मोडः जनता में खुशी की लहर



सांध्य पहल संवाददाता/ शिवम अरेला

**आगरा।** आगरा शमसाबाद मार्ग स्थित श्यामों मोड पर नायब तहसीलदार रजनीश रंधावा के नेतृत्व में टीम ने श्यामों से बिल्डोजर के माध्यम से अतिक्रमणों को हटाया गया। इनकी वजह से क्षेत्रीय जनता काफी परेशान थी आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती थी कई लोगों की जान जा चुकी थी। जिसको लेकर राष्ट्रीय दिव्यांग संघ के अध्यक्ष विजय सिंह लोधी ने कई बार लोक निर्माण विभाग को भी अवगत कराया था, लेकिन लोक निर्माण विभाग ने उचित कार्यवाही नहीं की।लेकिन समाजसेवी विजय सिंह लोधी ने पिछले 5 मई को उप जिलाधिकारी सचिन राजपूत से इस संबंध में मुलाकात की इस समस्या से अवगत कराया। बीस मई को राजस्व विभाग ने मुनादी भी कराई लेकिन लोगों ने कब्जे नहीं उठाए। आज बृहस्पतिवार को पुलिस टीम के साथ राजेंद्र सिंह राजस्व निरीक्षक,दिनेश गोला लेखपाल, अविनाश माहौर लेखपाल, प्रवेंद्र कुमार लेखपाल, प्रदीप शर्मा की टीम साथ रही तथा कुछ अतिक्रमण कारियो ने लिखित में कुछ दिन का समय मांगा है। अगर नहीं हटाए गए तो फिर बुल्डोजर चलाया जाएगा।समाजसेवी विजय सिंह लोधी ने राजस्व की टीम तथा पुलिस का आभार व्यक्त किया।

# हिन्दू महासभा में लाला अनंत कुमार ने उड़ीसा कार्यकारी अध्यक्ष और पुरुषोत्तम लाल ने हरियाणा उपाध्यक्ष का दायित्व संभाला

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/नई दिल्ली।** अखिल भारत हिन्दू महासभा ओडिसा प्रदेश और हरियाणा प्रदेश में दो नए पदाधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से दायित्व संभालिया है। ओडिसा प्रदेश अध्यक्ष सौम्य रंजन प्रसाद ने पूरी के लाला अनंत कुमार सिंह को उड़ीसा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए बताया कि लाला अनंत कुमार सिंह इससे पहले प्रदेश मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व भी संभाल चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने लाला अनंत कुमार सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष पद पर मनोनीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सौम्य रंजन प्रसाद ने उन्हें कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने, जिलाध्यक्षों को मनोनीत करने और प्रकोष्ठ अध्यक्षों की नियुक्ति करने का दायित्व सौंपा है। लाला अनंत कुमार सिंह ने अपने मनोनयन पर हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री ललित अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन शर्मा, ओडिसा प्रदेश अध्यक्ष सौम्य रंजन प्रसाद का आभार प्रकट करते हुए





कहा कि वो अपने दायित्व का पूरी निष्ठा और समर्पण भावना से निर्वहन करेंगे। लाला अनंत कुमार सिंह ने दावा किया कि वो प्रदेश अध्यक्ष सौम्य रंजन प्रसाद सिंह के दिशा निर्देश में एक माह के अंदर 40 सदस्यीय प्रदेश कार्यकारिणी का गठन एवं सभी जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर पदाधिकारियों की सूची राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकारिणी का पुनर्गठन होने के बाद ओडिसा के पूरी में एक प्रदेश सम्मेलन आयोजित कर राष्ट्रीय पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि हिन्दू महासभा द्वारा ओडिसा के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी खड़ा कर हिन्दू महासभा को भाजपा के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने बताया कि दूसरी तरफ हिन्दू महासभा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष आर के शर्मा ने पलवल के वयोवृद्ध हिन्दू नेता एवं पर्यावरण प्रेमी पुरुषोत्तम लाल को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। पुरुषोत्तम लाल ने अपने मनोनयन पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जारी हिन्दू राष्ट्र निर्माण आंदोलन से प्रेरित होकर हिन्दू महासभा से जुड़ने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि वो हरियाणा में सदस्यता अभियान के माध्यम से हिन्दू महासभा की नीतियों और कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने का अभियान आरंभ करेंगे।

# तेज आंधी से पेड़ टूटे : कई क्षेत्रों में 2 घंटे से अधिक गुल रही बिजली, होर्डिंग गिरे, लोग सहमे

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** बुधवार रात आगरा में तेज आंधी बारिश ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया। तेज आंधी की चपेट में सैकड़ों पेड और होर्डिंग आ गए। इससे रास्ते ब्लाक हो गए। तेज आंधी आने की वजह से कई क्षेत्रों में 2 घंटे से भी अधिक देर के लिए बिजली गुल रही। कई जगह जलभराव हो गया।

**यहां गिरे बीच सड़क पर पेड़**

बुधवार रात लगभग 10.30 बजे तेज आंधी शुरू हो गई। अलबतिया रोड, मारुति एस्टेट, दौरेठा, अवधपुरी, अर्जुन नगर, पृथ्वीनाथ रोड, देवरी रोड, रामबाग, जयपुर हाउस आदि जगहों पर पेड़ गिर गए। अवधपुरी में तो रास्ता ही ब्लाक हो गया। यहां सड़क पर पेड़ गिर गया। मारुति एस्टेट रोड पर भारी पेड़ बीच में



गिरने से पूरा रास्ता ही बंद हो गया। वहीं, सदर, शाहगंज, एमजी रोड, संजय प्लेस, हरीपर्वत, वाटर वर्क्स आदिक्षेत्रों में होडिंग गिर गए।

**यहां हुआ जलभराव**

तेज आंधी के साथ ही बारिश भी शुरू हो गई। इसकी वजह से पृथ्वीनाथ 100 फीट रोड, अवधपुरी रोड, मारुति एस्टेट रोड आदि जगहों पर जलभराव हो गया। कई जगह पेड़ गिरने की वजह से जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया। क्रेन की मदद से सड़क से पेड़ हटाने का काम चलता रहा।

# तिरंगा यात्रा में दिखा देश भक्ति का जोशः सेना के सम्मान में दक्षिण विधानसभा में निकाली तिरंगा यात्रा

### डॉ अलौकिक उपाध्याय ने तिरंगा यात्रा को दिखाई हरी झंडी, देश के वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर से दुश्मन को दिया मुंहतोड़ जवाब - डॉ आलोकिक उपाध्याय

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की धरम पूछकर की गई हत्या के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश के वीर सेनिकों ने दुश्मन को करारा जवाब दिया। वीर सैनिकों के सम्मान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी ने दक्षिण विधानसभा में तिरंगा यात्रा निकाली। अग्रसेन सेवा सदन लोहा मंडी रोड से शुरू हुई तिरंगा यात्रा राजनगर बस्ती होती हुई राजा मंडी रेलवे फाटक पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के प्रतिनिधि के रूप में डॉ अलौकिक उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर किया। युवा भाजपा नेता डॉ अलौकिक उपाध्याय ने कहा हमारे देश के वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुश्मन के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर आतंकवाद पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा जिस तरीके से आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछ कर हत्या की थी इसका बदला भारतीय सेवा के वीर सैनिकों ने अपने शौर्य पराक्रम के माध्यम से लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत अपनी रक्षा के लिए सक्षम है और दुश्मन की हर



कायराना हरकत का जवाब देने के लिए हमारे देश की तीनों सेनन के वीर सैनिक शौर्य पराक्रम के साथ तैयार हैं।

**तिरंगा यात्रा में दिखा युवा जोश**

दक्षिण विधानसभा में आयोजित तिरंगा यात्रा में सैकड़ो की तादाद में युवाओं ने भारत माता की जय वंदे मातरम के साथ अपना जोश दिखाया। हाथों में तिरंगा और पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे कार्यकर्ताओं में उत्साह भर रहे थे।

**इनकी रही मौजूदगी**

तिरंगा यात्रा में यात्रा संयोजक डॉ अलौकिक उपाध्याय, कार्यक्रम का संचालन दीपक खरे ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ. यादवेन्द्र शर्मा, हेमन्त भोजवानी, मनोज गर्ग, संजय जैन, दिलीप वर्मा, ओमप्रताप सिंह, भगवानदास दक्ष, धीरज जैन, धीरज कोहली, राजू कुशवाह, देवेश पचौरी, आदेश सिंघल, राजेश प्रजापति, राधारानी मनवानी, हेमन्त प्रजापति, रेनू गुप्ता, मिनाक्षी वर्मा, विनोद उप्रैती, मनोज वर्मा, रवि दिवाकर, पूजा शर्मा, उषा शर्मा, हरिकृपा शुक्ला, सुनील करमचंदानी, रवि उपाध्याय, सोनू मदलानी, सूरज शर्मा, दीपविनायक पटेल, निशू कपूर, मुकुल जोशी, प्रेमसिंह धाकड, तसलीम बानो, एलिश कुमार, संदीप, अर्जून पण्डित, रूंचित तित्तल, ह्रदयकांत सारस्वत, मुकुल जोशी, मनोज जोशी सत्तार, शौकीन, हरीओम शर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता और दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी सम्मिलित रहे।

# उर्स हज़रत अब्दुल्लाह शाह अहरारी (दादा पीर) (रह.)



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** हज़रत सैय्यदना शाह अमीर अबुल उला (रह.) के पीर हज़रत अब्दुल्लाह शाह अहरारी (दादा पीर) (रह.) के उर्स के अवसर पर 21 मई 2025 को सैय्यद मोहतशिम अली अबुल उलाई (सज्जादा नशीन और मुतवल्ली) की सरपरस्ती और हाजी सैय्यद विरासत अली अबुल उलाई, सैय्यद इशाअत अली अबुल उलाई, सैय्यद कैफ अली अबुल उलाई (नायब सज्जादगान) के हमराह दादा पीर की दरगाह पर फातिहा, चादर पोशी, गुलपोशी की और दुआएं की, सूफी हज़रात, कुर्बान उस्मानी, राशिद, हफीज़, मुरीदेंन और अन्य ज़ायरीनों ने साथ में शिरकत की। दरगाह हजरत सैय्यदना शाह अमीर अबुल उला (रह.) आगरा में 21 मई 2025 को ही बाद नमाज़ ए मग़रिब महफिले समां, चादर पोशी, गुलपोशी, खुसूसी दुआऐं की गई और लंगर का अहतमाम किया गया, इस अवसर पर सैय्यद अरीब अली, सैय्यद शहाब अली कादरी, हाजी इरशाद, हाजी नौशाद, सूफी हज़रात और अन्य ज़ायरीनों ने शिरकत की और सवाब ए दारेन् हासिल किया।

# जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक 29 मई को

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में 29 मई को अपरान्ह 04 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक आहुत की जाएगी। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी रोहित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों कसे अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# शादी के 15 साल बाद प्रेमी संग भागी महिला झांसी से बरामद, शाहगंज पुलिस ने 12 घंटे में किया 'खुलासा'

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना शाहगंज क्षेत्र की पृथ्वीनाथ चौकी इलाके में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां शादी के 15 साल बाद अपने दो बेटों को छोड़कर एक महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। शाहगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को महज 12 घंटे में झांसी से सकुशल बरामद कर लिया है।

दोरेठा, गली नंबर 2, नवनीत नगर की रहने वाली यह महिला 16 मई, 2025 को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। महिला के अचानक लापता होने से परेशान परिजनों ने तत्काल थाना शाहगंज में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

**पुलिस की कार्रवाई और ट्रेसिंग**

मामले की गंभीरता को देखते हुए, एसीपी लोहा मंडी मयंक तिवारी के निर्देशानुसार शाहगंज पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने महिला के फोन को ट्रेस करना शुरू किया, जिससे उसकी लोकेशन झांसी में मिली। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस



टीम झांसी पहुंची और महिला को सकुशल बरामद कर लिया।

**बहाना बनाकर प्रेमी संग हुई थी फरार**

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि महिला ने अपने पति के घर से बहाना बनाकर अपने प्रेमी के साथ झांसी गई थी। यह बात सामने आने के बाद परिवार और पुलिस दोनों हैरान हैं। महिला की शादी को 15 साल हो चुके हैं और उसके दो बेटे हैं, जिनमें एक की उम्र 14 वर्ष और दूसरे की 10 वर्ष है।

**पीड़ित परिवार ने जताया आभार**

महिला के सकुशल बरामद होने और इस मामले के शीघ्र खुलासे पर पीड़ित परिवार ने एसीपी लोहा मंडी मयंक तिवारी और शाहगंज पुलिस का आभार व्यक्त किया है। इस घटना ने एक बार फिर पारिवारिक रिश्तों की जटिलताओं और पुलिस की सक्रियता को उजागर किया है।

## संपादकीय

# आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला पड़ गया

एक दूसरा तरीका यह है कि तमाम देशों ने भारत से लगाव क्यों नहीं जाहिर किया, इस सवाल पर गंभीरता से विचार किया जाए। इस प्रश्न पर आत्म-मंथन की जरूरत है कि आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला पड़ गया है! ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान का साथ दिया, इसलिए उन दोनों देशों के प्रति भारत में स्वाभाविक गुस्सा भड़का है। इसे जताने के लिए दोनों देशों के बहिष्कार का अभियान जोर पकड़ गया है। भारतीय सैलानी वहां के लिए अपनी बुकिंग रद्द करवा रहे हैं। भारत सरकार ने भी तुर्किये के सोशल मीडिया हैंडल्स को देश में प्रतिबंधित करवा दिया है। लेकिन इस मुहिम के दौरान एक अजीब किस्म का विरोधाभास नजर आता है। पाकिस्तान का सबसे बड़ा मददगार कोई साबित हुआ है, तो वह चीन है। हालिया टकराव के समय भी उसने अपनी फौलादी दोस्ती निभाई और पाकिस्तान की संप्रभुता एवं सुरक्षा के लिए अपना समर्थन जताया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की रिपोर्टों पर ध्यान दें, तो संकेत मिलता है कि चीनी हथियार पाकिस्तान के लिए बेहद सहायक साबित हुए। और इस समय जबकि पाकिस्तान से तनाव कायम है, चीन ने भारत से लगी पूर्वी सीमा को गरमाने की कोशिश की है। अरुणाचल प्रदेश पर उसने फिर अपना दावा जता दिया है। मगर चीन के बहिष्कार की बात कहीं गायब है। जबकि चीन का बहिष्कार अधिक आसान है। आखिर भारतीय बाजार चीन में बनी वस्तुओं से भरे पड़े हैं, जिनसे तुरंत तौबा की जा सकती है। बात इतनी ही नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर के समय इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी ने भी पाकिस्तान का पुरजोर समर्थन किया। इसके सदस्य 57 देशों में यूएई और सऊदी अरब भी हैं, जिन्हें भारत का दोस्त बताया जाता है। उन सबके प्रति भी चुप्पी है। वैसे गुस्सा तो आजमाये हुए दोस्त रूस के प्रति भी होना चाहिए, जिसने इस मौके पर भारत का साथ नहीं दिया। उधर अमेरिका का ट्रंप प्रशासन अपने बयानों से लगातार भारत के लिए असहज स्थिति पैदा कर रहा है। तो अपेक्षित यह है कि इन सबके प्रति भी भारतवासी आक्रोश की भावना रखें। या फिर एक दूसरा तरीका यह है कि इन तमाम देशों ने भारत से लगाव क्यों नहीं जाहिर किया, इस सवाल पर गंभीरता से विचार किया जाए। इस प्रश्न पर आत्म-मंथन की जरूरत है कि आखिर भारत दुनिया में क्यों इतना अकेला हो गया है!

**भारतीय शास्त्रीय नृत्य दिवस 23 मई पर विशेष**

# भारतीय शास्त्रीय नृत्य : भाव, राग, ताल का दिव्य संगम



(नरेंद्र शर्मा परवाना-विभूति फीचर्स)

भारत की मिट्टी में संस्कृति की सुगंध बसी है, और इस सुगंध को विश्व तक पहुंचाने का काम करता है भारतीय शास्त्रीय नृत्य। यह नृत्य कला होने के साथ साथ भाव, राग और ताल का दिव्य संगम है, जो भारत की आत्मा को जीवंत करता है। क्या है इस नृत्य में ऐसा, जो सदियों से लोगों को मंत्रमुग्ध करता रहा है? कैसे यह भारत की विविधता को एक सूत्र में बांधता है और विश्व में अपनी छाप छोड़ता है? आइए, इस लेख में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की उस सांस्कृतिक यात्रा को जानें, जो भारत को विश्व मंच पर गौरवान्वित करती है।

**भारत में शास्त्रीय नृत्य की पहचान**

भारतीय शास्त्रीय नृत्य भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अनूठी पहचान रखते हैं। संगीत नाटक अकादमी और संस्कृति मंत्रालय ने नौ शास्त्रीय नृत्यों को मान्यता दी है- भरतनाट्यम (तमिलनाडु), कथक (उत्तर प्रदेश), कुचिपुड़ी (आंध्र प्रदेश), ओडिसी (ओडिशा), मणिपुरी (मणिपुर), कथकली और मोहिनीअट्टम (केरल), सत्रिया (असम), और छऊ (झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल)। ये नृत्य न केवल क्षेत्रीय संस्कृति को दर्शाते हैं, बल्कि नाट्यशास्त्र के सिद्धांतों पर आधारित हैं, जो भाव, राग और ताल के समन्वय को महत्व देते हैं। उदाहरण के लिए, भरतनाट्यम की जटिल मुद्राएं और कथक की तेज चक्करें भारत की सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर लाती हैं।

**विश्व में भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रभाव**

हम उस देश भारत के वासी है जिसने पूरे विश्व को नई राह दिखाई । भारतीय शास्त्रीय नृत्य ने विश्व स्तर पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, और जापान जैसे देशों में नृत्य गुरुकुल और सांस्कृतिक उत्सवों के माध्यम से ये नृत्य आत्मसात किए जा रहे हैं। विशेष रूप से, भरतनाट्यम और कथक ने विदेशों में बसे भारतीय समुदायों और स्थानीय कला प्रेमियों के बीच लोकप्रियता हासिल की है। जापान में ओडिसी और कथकली के प्रदर्शन नियमित रूप से आयोजित होते हैं, जबकि यूरोप में सांस्कृतिक मेलों में मणिपुरी और मोहिनीअट्टम की प्रस्तुतियां देखी जाती हैं। ये नृत्य विश्व को भारत की आध्यात्मिकता और सौंदर्यबोध से जोड़ते हैं।

**पाश्चात्य संस्कृति पर प्रभाव**

भारतीय शास्त्रीय नृत्य ने पाश्चात्य संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया है। पश्चिमी नृत्य शैलियों जैसे बैले और समकालीन नृत्य में भारतीय नृत्यों की मुद्राएं और भाव-भंगिमाएं शामिल की जा रही हैं। उदाहरण के लिए, प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मॉरिस बेजार्ट ने भरतनाट्यम से प्रेरित होकर अपने प्रदर्शनों में भारतीय तत्वों का समावेश किया। इसके अलावा, हॉलीवुड और वैश्विक मंचों पर भारतीय नृत्य आधारित प्रस्तुतियां, जैसे स्लमडॉग मिलियनेयर में कथक का उपयोग किया, यह भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता को दर्शाती हैं। यह प्रभाव न केवल कला तक सीमित है, बल्कि योग और ध्यान के साथ मिलकर भारतीय दर्शन को भी विश्व में प्रचारित करता है।

**शास्त्रीय नृत्य- भारत की सांस्कृतिक आत्मा**

प्रबुद्ध पाठकों यह पैराग्राफ सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय शास्त्रीय नृत्य भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक हैं। यह नृत्य मनोरंजन करते हैं, आध्यात्मिक और दार्शनिक संदेश भी देते हैं। नाट्यशास्त्र के अनुसार, रस भारतीय शास्त्रीय नृत्य और नाटक का आत्मा स्वरूप है, जिसे भरतमुनि ने नवरस के रूप में परिभाषित किया है। ये नौ रस श्रृंगार (प्रेम), हास्य (आनंद), करुण (दुःख), रौद्र (क्रोध), वीर (साहस), भयानक (भय), वीभत्स (घृणा), अद्भुत (विस्मय) और शांत (वैराग्य) मनुष्य की विभिन्न भावनाओं का सौंदर्यपूर्ण चित्रण करते हैं। प्रत्येक रस का एक विशिष्ट रंग और अधिष्ठाता देवता होता है, जो उसे सांस्कृतिक और दार्शनिक गहराई प्रदान करता है। नृत्य के चारों अभिप्राय अंगिक (शारीरिक), वाचिक (संवेदनात्मक), आहार्य (वेशभूषा) और सात्विक (भीतर की भावना) इन रसों को मंच पर जीवंत बनाते हैं। जिससे भारतीय सांस्कृतिक चेतना की संवेदना और गहराई उजागर होती है। विश्व मंचों तक पहुंचे हैं, लेकिन इनका मूल स्वरूप और आध्यात्मिकता बरकरार है।

**संकल्प लें कि यह संगम सदा जीवंत रहे**

भारतीय शास्त्रीय नृत्य दिवस हमें इस अमूल्य विरासत को संजोने और प्रचारित करने की प्रेरणा देता है। यह नृत्य कला के साथ-साथ भारत की आत्मा, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। विश्व में इसकी स्वीकार्यता और पाश्चात्य संस्कृति पर इसका प्रभाव भारत की सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाता है।

## शब्द सामर्थ्य -056

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 055 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्ष्म | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

# दीवारें मेहनत की

(विवेक रंजन श्रीवास्तव-विभूति फीचर्स)



रोज़ सुबह पाँच बजे रीना की आँखें खुल जाती थीं। टूटी झोपड़ी की दरारों से ठंडी हवा का झोंका आता, तो वह अपने बड़े बेटे को ढाँकने के लिए साड़ी का पल्लू खींच देती। फिर वह बर्तनों की खड़खड़ाहट के साथ दिन भर के संघर्ष की शुरुआत कर देती। चूल्हे पर चाय उबल रही होती, और उसके बच्चे कंबल में सिमटे होते। तीन घरों में काम करने के बाद भी उसकी मेहनत सिर्फ दो वक़्त की रोटी जुटा पाती थी। एक दिन पड़ोसन सीमा ने उसे सरकारी योजना के बारे में बताया–÷गरीबों को मुफ्त में घर मिल रहा है, तू भी आवेदन कर! रीना के मन में एक आशा की किरण जगी। उसने कागज़ात इकट्ठे किए और तहसील दफ्तर के चक्कर काटने लगी। पर हर बार वही जवाब–फाइल लंबित है,÷ साहब बाहर हैं, या ÷कुछ और दस्तावेज़ चाहिए। छह महीने बाद भी जब उसकी फाइल धूल खा रही थी, तो उसने सोच लिया–सरकार नहीं, अपने आप खड़ा करूँगी घर! अगले दिन से उसने एक और घर में काम पकड़ा , अपनी मैडमों को मकान बनवाने की योजना बताकर एडवांस देने हेतु मनाया । धीरे धीरे रुपए लौटाने की शर्त तथा रीना के मेहनती ईमानदार व्यवहार के कारण सब उसे एडवांस देने पर सहमत हो गए। कुछ राशि उसके पति ने भी अपने मालिक से एडवांस ले ली। दो साल तक रीना ने दिन में काम किया और शाम को वह और उसका पति ईंट-गारे से जूझे। मज़दूरों की जगह खुद हाथ से गारा गूँथ लिया।

कभी बच्चे बीमार पड़े, तो रात भर जागकर उनकी देखभाल की और सुबह फिर काम पर चली गई। हर महीने वह अपनी तनख्वाह से कुछ पैसे काटकर उधार चुकाती रही। एक दिन श्रीवास्तव मैडम ने कहा, ÷रीना, तुम्हारी ईमानदारी देखकर हमें गर्व है। बाकी पैसे माफ़! पर उसने सिर हिला दिया–नहीं मैडम, मैं पूरा पैसा लौटाऊँगी। आखिरकार वह दिन आया जब पूरा उधार चुक गया । रीना का घर अब उसका खुद का था । अब पहली तारीख को किसी मकान मालिक का किराए के लिए कोई तकाजा नहीं होता था। पहली बार रीना और उसके पति ने अपने बच्चों को नए घर की चौखट पर बैठाकर मिठाई खिलाई। बेटी ने पूछा, ÷अम्मा, यह घर हमारा है न? रीना ने उसे गले लगाते हुए कहा, हाँ बेटा, यह मेहनत की दीवारें हैं... जो कभी नहीं ढहेंगी। उस रात झोपड़ी की यादों के साथ वह नई छत के नीचे सोई। सपनों में नहीं, हक़ीक़त में अब उसकी अपनी धूप-छाँव खुद उसकी थी।

**हास्य कविता**

# सावधानी ही बचाव



(सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)

पहले घर में बड़ी बड़ी टंकियाँ लाते थे
उनमें साल भर की जरूरत हिसाब से
गेहूं, चावल, मोटा अनाज भरवाते थे।
संयुक्त परिवार सांझा चूल्हा जलता था
हंसी खुशी परिवार का गुजारा चलता था।
अब घर परिवार बंट गए
रिश्ते भौतिक संबंधों तक सिमट गए।
पहले पड़ोसी भी परिजन जैसे लगते थे
अब परिजन भी पड़ोसी से लगते हैं।
टंकियाँ अपनी अहमियत खो चुकी हैं
इसलिए घरों से लापता ही चुकी हैं।
अब मोटे अनाज की जगह
आवश्यकता के अनुसार आटा घर में आता है
उसी से महीने भर की रोटी का
प्रबंध किया जाता है।
पहले की तरह माँ अब प्यार से रोटियां नहीं बनाती
सिर्फ़ ख़ानापूर्ति करके काम हैं निपटाती ।
रोटियां बनाने से पहले भूख का हिसाब लगाती है
रोटियां गिनकर बनाती है।
इतनी आ गई गई है आत्मीय रिश्तों में खटास
पति पत्नी का आत्मीय रिश्ता भी
नही लगता समर्पित और ख़ास।
इतनी कमजोर हो गई है विश्वास की डोर
एक दूजे के प्रति संदेह का न कोई ओर छोर।
सात फेरों के बंधन में बंधा दाम्पत्य भी
एक दूजे पर विश्वास करने से कतराता है
शक और संदेह में कुछ समझ नही पाता है
स्थिति हो गई है इतनी विकट
कि पति पत्नी को सपने में भी दिखता है
अपने प्राणों पर मंडराता हुआ संकट।
अविश्वास से घिरा दाम्पत्य
सुख चैन की नींद नही ले पाता है ।
एक दूसरे के प्रति संदेह की बढ़ जाती है खाई
लगता है कि जैसे उसके जीवन पर शामत है आई।
सो मृत्यु संकट से बचने का एक ही उपाय है
आसन्न मृत्यु से बचने हेतु सावधानी बचाव है।
सो ज़िंदगी में सकारात्मक रुख़ अपनाए
सावधानी से अपना जीवन दीर्घ बनाएँ ।
किसी नीले ड्रम को देखते ही सतर्क हो जाएँ
फ्रिज भी आदम क़द जैसा बड़ा न लाएँ
दवा डाक्टर की सलाह के बिना न खाएँ
घर में किसी भी हथियार का प्रवेश न कराएँ।
सच है कि जान है तो जहान है
रिश्तों में आत्मीयता बनी रहे
यही स्वस्थ दाम्पत्य जीवन की
परम्परागत पहचान है ॥

# राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार संग किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे, पारिवारिक सौहार्द बढ़ेगा। आज शांत मन से किसी काम को करेंगें तो जल्द ही पूरा हो जाएगा। पारिवारिक निर्णय लेने से पहले घर के बड़े बुजुर्ग की राय जरूर लें। आज किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा।

**वृषभ**
आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी जरूरी काम को प्री-प्लानिंग करके करेंगें तो काम आसानी से पूरा हो जाएगा। नवविवाहित आज जीवनसाथी के साथ किसी मूवी को देखने का प्लान बनायेंगे रिश्तों में मजबूती आएगी। मंनोरंजन पर आज अधिक पैसे खर्च होने वाले हैं। बॉस आपके द्वारा किये गये काम की लिस्ट को चेक कर सकते हैं अपनी फाइल को तैयार रखें। आज आप मंदिर की साफ - सफाई में अपना योगदान देंगे। छात्रों को सफलता मिलने के योग बने हुए है।

**मिथुन**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी करने वालों को सफलता पाने के लिए अधिक मेहनत करने की जरुरत है। काम अधिक होने से आज आपको भाग ङ्क दौड़ करनी पड़ेगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज किसी नये प्रोजेक्ट से आपको अधिक लाभ हो सकता है। आज आपके बिजनेस में एक नया मोड़ आएगा जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलेगा।

**कर्क**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। कम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी करने वालों को सफलता पाने के लिए अधिक मेहनत करने की जरुरत है। काम अधिक होने से आज आपको भाग ङ्क दौड़ करनी पड़ेगी। बिल्डर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। आज किसी नये प्रोजेक्ट से आपको अधिक लाभ हो सकता है। आज आपके बिजनेस में एक नया मोड़ आएगा जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलेगा।

**सिंह**
आज आपका दिन लकी रहेगा। ऑफिस में नया काम सामने आ सकता है। उस नए काम को बहुत अच्छी तरह करने का प्रयास करेंगे। आज आपको धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। किसी खास मित्र से आज आपकी मुलाकात होगी, जिनसे मिलकर आप खुश होंगे। आर्किटेक्ट और इन्जीनियरिंग वालों के लिए आज सफलता भरा दिन है। आज माता-पिता का आशीर्वाद मिलेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए भाई से सलाह लेंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपका खुशियों से भरा रहेगा। अपने परिवार के साथ शाम का समय बिताये उनको अच्छा लगेगा। सोचे हुए काम आज खुद के दम पर पूरे होंगे। कई मामलों पर आपके पास कुछ नए और अच्छे विचार होंगे । इस राशि की महिलाएं आज घर के कामों में बिजी रहेंगी। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। संगीत से रिलेटेड संस्था में एडमीशन लेने के लिए आज का दिन शुभ है। अगर आपको लगता है कि आप किसी समस्या में हैं, तो अपने लिए वक्त निकालें और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें।

**तुला**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बढ़िया है। कॉलेज में आज आपकी गुड एक्टीविटी की वजह से टीचर्स आपसे खुश रहेंगे। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। किसी बुजुर्ग की राय आपके रिश्ते में चल रही अनबन को दूर कर देगी। आज जोखिम भरा काम भी शुरू कर सकते हैं इसमें सफल होने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपको पैसों के मामले में समझदारी से फैसले करने होंगे। लवमेट कहीं घूमने का प्लान बनायेंगे।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन फायदा दिलाने वाला रहेगा। समय आपके फेवर में होने के कारण मन खुश रहेगा। नौकरी या बिजनेस में फायदे के एक से अधिक मौके मिलेंगे। कामकाज की गति तेज होगी। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, साथ ही परीक्षा में सफलता आपके कदम चूमेगी। आज किसी दूसरे स्टेट में बिजनेस करने के लिए आपकी यात्रा के योग बन रहे है। बच्चों को आज मनपसन्द खिलौना मिलने से प्रसन्नता होगी।

**धनु**
आज आपका दिन आत्मविश्वास से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में आज आप मीटिंग अटेंड करेंगे। छोटे भाई बहनों की ओर से आपको सरप्राइज मिल सकता है... आपके रिश्ते में मधुरता आयेगी। किसी भी चीज में निवेश करने से पहले अच्छे से सोच विचार कर लें, साथ ही किसी एक्सपर्ट की रॉय जरुर ले लें। दूसरों की मदद करने से पीछे न हटें, आप खुद को बेहतर फील करेंगे। नवविवाहित दंपत्ति आज किसी धार्मिक स्थाल पर घूमने जायेंगे।

**मकर**
आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में जो भी रुकावटें आएंगी, उनसे आप कुछ सीख सकते हैं, ऐसे ही आपको आगे बढने के नए मौके मिलेंगे। बिजनेस में अच्छे से काम को करने पर आपको फायदा होगा। स्पोर्ट्स क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं आज प्रैक्टिस में शानदार प्रदर्शन करेंगी। कारोबार में कुछ नया करने के लिए चल रहे प्रयास सफल होंगे। दूसरों की मदद करने से आपको फायदा होगा। ज़मीन जायजाद के मामले में लाभ मिलेगा।

**कुंभ**
आज आपका दिन बढ़िया गुजरेगा। किसी काम को पूरा करने के लिए शार्टकट तरीके अपनाने से बचें। इस राशि के बिजनेसमैन के बिजनेस में बढ़ोतरी होगी। माताएं बच्चो को मोरल स्टोरी सुनाएंगी। क्रिएटिव कामों में मन लगायेंगे और कुछ क्रिएटिव वर्क करने का प्रयास करेंगे। अविवाहित लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अचानक धन लाभ होंगे से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आप अपने जरुरत का सामान खरीदेंगे। आज आपका स्वास्थ बेहतरीन रहने वाला है।

**मीन**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में आज का दिन ठीक रहेगा,.. साथ ही कलीग आपके काम में हेल्प करेंगे। आज किसी के बहकावे में न आये और अपने काम के प्रति सतर्क रहें। आपके परिवार में नन्हा मेहमान आने के योग बन रहे है। आज आपके परिवार में खुशियों का माहौल बनेगा। छात्र आज किसी प्रतियोगी परीक्षा का फॉर्म भरेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को आज सफलता मिलेगी।

# बदल रहा है कश्मीर

(सुभाष आनंद -विभूति फीचर्स)



आतंकवादी कार्रवाई के पश्चात पहलगाम जाने का मौका मिला वहां सन्नाटा छाया हुआ था। पहलगाम जहां कभी पर्यटकों की हमेशा चहल पहल रहती थी, वहां अब सूनापन दिखने लगा है। यहां के स्थानीय लोगों से मिलने से पता चला कि स्थिति कितनी बदली हुई है। कई दिनों से लोगों ने अपने घरों के चूल्हे नहीं जलाए हैं। महिलाएं और नौजवान आतंकवाद के विरुद्ध खड़े हैं। ऐसा लगता है कि कश्मीर में आतंकवाद पूरी तरह हार चुका है। अब घर-घर में लोकतंत्र की आवाज सुनने को मिल रही है। मुस्लिम महिलाएं जो कभी फौजी लोगों के विरुद्ध डटकर इकट्ठी हो जाती थीं वे आज मुझे रोती दिखाई दी। जैसे स्वयं उनका कोई रिश्तेदार इस घटना में मारा गया है। विचार बदलने में देर नहीं लगती कभी फौजियों पर पत्थर फेंकने वाली कश्मीरी महिलाएं और नौजवान अब शांति और लोकतंत्र की बातें करने लगे हैं। लोकल लोगों से मिलने से पता चला कि अभी भी कुछ लालची लोग आतंकवादियों के स्थानीय मददगार बने हुए हैंलेकिन अब उन्हें ज्यादा समर्थन नहीं मिल रहा है इसलिए अब इनको पहचानने में देरी नहीं लगेगी। कुछ कट्टरपंथी लोगों का कहना है कि पाकिस्तान के साथ कश्मीर नीति पर बात करना कोई सरल काम नहीं है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी भी भारत पाक की मित्रता पर मीठी-मीठी बातें करते हैं और स्वयं अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने की चाहत पेश कर रहे हैं लेकिन उनकी यह मंशा कितनी ईमानदार है यह सब जानते हैं।



अमेरिका के प्रसिद्ध समाचार पत्र संडे टाईम के पत्रकार जैम्स कैरी का कहना है कि हर बार भारत पाकिस्तान की चिकनी-चुपड़ी बातों में फंस जाता है जबकि कटु सच्चाई यह है कि पाकिस्तानी सेना और उसकी गुप्तचर एजेंसी 1000 से ज्यादा आतंकवादियों को ट्रेनिंग देकर उसे नियंत्रण रेखा के पार भारत में धकेलने का काम कर रही है। पाकिस्तान की बढ़ती आतंकी गतिविधियों को स्वीकार करते हुए जेम्स कहते है कि आतंकवादी घटनाओं में 100 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। जम्मू कश्मीर में बड़े स्तर पर आतंकवादी मारे जा रहे हैं परंतु आतंकी गतिविधियों में कमी नहीं हो रही।

इस चुनौती को लेकर भारतीय सेना तंत्र और विदेशी समाचार पत्र लंबे समय से चेतावनी दे रहे हैं। जब कश्मीर में ऐसी रिपोर्ट मिल रही थी तो सरकार को अपना सुरक्षा तंत्र और राजनीतिक गतिविधियां दुरुस्त करके ठीक तरह से उपाय करने चाहिए थे। इतिहास गवाह है कि कश्मीर आतंकी गतिविधियों से कभी सुरक्षित नहीं रहा। पाकिस्तान की जिस आतंकवादी एजेंसी ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है उसका संबंध कजाकिस्तान से भी है। आखिर उनके पास हथियार किन लोगों ने पहुंचाए? उसकी पहचान के लिए भारतीय सैनिक एजेंसियों को दो चार होना पड़ रहा है। वहीं पाकिस्तान के पत्रकार रफीक अहमद ने कहा है कि पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए यह आखिरी हमला साबित हो सकता है। भारत के प्रहार में जो पाकिस्तान के पुराने आतंकवादी मारे गए हैं पाकिस्तानी सेना ने उन्हें ज्यादा महत्व दिया। आतंकी नेताओं की मौत के बाद पाकिस्तान की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लोग उनके अंतिम क्रियाकर्म में पहुंचे उससे लगता है पाकिस्तान की प्रत्येक पार्टी किसी न किसी आतंकवादी की आड़ का सहारा ले रही है।

पाकिस्तान से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र आजाद में रफीक उल्ला का कहना है कि पाकिस्तान समाप्त होने की कगार पर पहुंचा हुआ है। पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तानी लोग जानते हैं कि वह कभी भारत के विरुद्ध परोक्ष युद्ध नहीं जीत सकता। पाकिस्तान में पहली बार देखने को मिला है कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों की स्थिति उतनी शक्तिशाली नहीं रही जितनी 5 वर्ष पहले हुआ करती थी। पहलगाम से 10 किलोमीटर दूर जहां हम ठहरे थे वहां भी स्थिति बदली हुई है। नई पीढ़ी भविष्य बनाने के लिए सोच रही। कश्मीर में सरकार धड़ाधड़ नई नौकरियां निकाल रही है। बच्चे आतंकवाद से दूर जा रहे हैं। कई कट्टरवादी इस्लामी नेताओं को नौजवानों ने इग्नोर कर दिया है। अब चंदा इकठ्ठा करने वाले इस्लामी नेताओं का भी महत्व समाप्त होता जा रहा है। मौलवियों ने भी अपने भाषणों को नर्म कर दिया है। कट्टरवादी इमामों को मदरसों से दूर रहने को कहा गया है। धीरे-धीरे वातावरण भी बदल रहा है। जम्मू कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार काफी सक्रिय है जो रोल उन लोगों ने अदा किया है वह भी अति प्रशंसनीय है। सूत्रों से पता चला है कि पाकिस्तान में कश्मीर को लेकर पाकिस्तानी सेना और आईएसआई को खुले हाथ दिए गए हैं। पाकिस्तान के 9 आंतकी अड्डों पर भारतीय वायुसेना ने जो तबाही मचाई है उससे पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियां भयभीत हैं। लेकिन पाकिस्तान अपने लोगों को संतुष्ट करने के लिए आगे कोई बड़ी कार्रवाई कर सकता है।

जम्मू कश्मीर में पाकिस्तान ने भारी गोला बारी की। पाकिस्तान की सेना ने जम्मू कश्मीर में हैवी शैलिंग की। 40 से ज्यादा राकेट छोड़े। बदले में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में जो तबाही मचाई है इससे पाकिस्तान को अपनी हैसियत का पता चल गया है। पाकिस्तान के शासकों ने जिन भारतीय शर्तों पर समझौता किया है उससे लगता है कि वह अगले कई वर्षों तक भारत के साथ युद्ध लड़ने का सपना ही नहीं पाल सकते। अब पाकिस्तान को पता चल गया है कि जेहादियों का पालन पोषण करना उसके लिए सदैव घाटे का सौदा है। पाकिस्तान के सैनिक अधिकारी भी मानने लगे है कि आतंकवाद का साथ देकर पाकिस्तान के पालिसी मेकरों ने पाकिस्तान को कंगाल बना दिया है। पाकिस्तान को अब पता चला है कि आतंकवाद दो मुंह वाला सांप है। जनरल मुशर्रफ ने अमेरिका से डालरों के लालच में अफगानिस्तान में जो राजनीतिक खेल खेला उसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। आज भी पाकिस्तान को समझने की जरूरत है। कट्टरपंथी लोग आज भी सत्ता से खेल रहे हैं। आतंकवाद पाकिस्तान के लिए भस्मासुर साबित हुआ है। वाईस ऑफ अमेरिका ने भविष्यवाणी की थी कि जमीनी स्तर पर भारत के लोकतंत्र की जीत होगी और आतंकवाद हर हालात में हारेगा। न्यूयार्क टाइम्स समाचार पत्र ने लिखा है कि लोकतंत्र मजबूत हुआ है जबकि आतंकवाद पूरी तरह हार चुका है। पाकिस्तान ने स्वयं लड़ाई में अपनी हार मान ली है। विकास के पथ पर चलने के लिए उसे 10 वर्ष पीछे धकेल दिया गया है इससे पाकिस्तानी सेना का मनोबल भी जहां गिरेगा वहीं उनकी साख को भी धक्का लगेगा।

# नलजल योजना की संचालन और संधारण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत उठाएं : कलेक्टर

## पंचायतें वाल्व आपरेटरों को समय पर वेतन दें और कार्य कराएं : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि समूह नलजल योजनाओं का कार्य जिन ग्रामों में पूरा हो गया है वहाँ हर घर में नल का कनेक्शन देकर पानी की प्रतिदिन आपूर्ति कराएं। जिन गांवों में अभी भी कनेक्शन शेष है वहाँ 15 दिवस में सभी घरों में कनेक्शन करा दें। पानी की नियमित आपूर्ति के साथ जल कर की भी वसूली करें। नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतें उठाएं। ग्रामवासियों को पेयजल की आपूर्ति ग्राम पंचायत की ही जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की कठिनाई आने पर जल जीवन मिशन की एजेंसी ग्राम पंचायतों को पूरा सहयोग करे। वाल्व आपरेटरों की लापरवाही के कारण गांवों में पानी के वितरण में कठिनाई आ रही है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उन सभी गांवों में वाल्व आपरेटर की नियुक्ति तत्काल कर दें जहाँ नलजल योजनाएं संचालित हैं। इन्हें ग्राम पंचायतों के माध्यम से नियमित रूप से वेतन का भुगतान करते हुए वाल्व आपरेशन का कार्य कराएं। वाल्व आपरेटर को समय पर वेतन नहीं मिला तो जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी वेतन नहीं मिलेगा।

कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में जलजीवन मिशन द्वारा नल जल योजना की पाइप लाइन की जियो टैगिंग करके नक्शे उपलब्ध कराए गए हैं। ग्राम पंचायत में कोई भी निर्माण कार्य शुरू होने से पहले उपयंत्री इन नक्शों को अवश्य देखें। जहाँ पाइप लाइन चिन्हित की गई हैं वहाँ निर्माण कार्य न कराएं। निर्माण कार्यों के कारण जिन स्थानों में पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुई है वहाँ के उपयंत्रियों को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कारण बताओ नोटिस दें। पंचायत के निर्माण कार्य के कारण यदि पेयजल की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होती है तो उसके सुधार का कार्य भी ग्राम पंचायत ही करे। इसके लिए जल कर की राशि और 15वें वित्त की राशि का उपयोग करें। जल जीवन मिशन की निर्माण एजेंसियाँ सुधार कार्य में ग्राम पंचायतों को सहयोग करेंगी। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नलजल योजनाओं के संचालन और संधारण की स्वयं निगरानी करें। कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नलजल योजनाओं के संचालन में लापरवाही बरतने पर नोटिस देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि बाणसागर समूह नलजल योजना तथा टमस समूह नलजल योजना के कार्य में तेजी लाएं। टमस समूह नलजल योजना के निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी रहने पर कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई। कलेक्टर ने कहा कि टमस समूह नलजल योजना का कार्य 31 मार्च 2026 तक पूरा होना है। इसकी मंथवार प्रगति की कार्ययोजना बनाएं। उसके अनुरूप प्रगति न होने पर निर्माण एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही करें। बैठक में जल जीवन मिशन के जिला प्रबंधक चित्रांशु ने बताया कि कंदैला समूह नलजल योजना से रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की 51 तथा गंगेव विकासखण्ड के 13 गांवों में पानी की आपूर्ति की जा रही है। बाणसागर समूह नलजल योजना में इंटेक वेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य एक माह में पूरा हो जाएगा। अगस्त माह तक 47 टंकियों का निर्माण करके पेयजल की आंशिक आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

टमस समूह नलजल योजना में इंटेक वेल और टंकियों का निर्माण संतोषजनक नहीं है। निर्माण एजेंसी को अतिरिक्त मजदूर तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। सतना बाणसागर समूह नलजल योजना में 52 स्वीकृत टंकियों में से 34 टंकियों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। दिसम्बर माह तक टंकी और पाइप लाइन का कार्य पूरा हो जाएगा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बीके शुक्ला, नीतेश सिंह, जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हितग्राहियों का ई केवाईसी सात दिनों में शत-प्रतिशत पूरा करें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन की विकासखण्डवार तथा समितिवार समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी समिति प्रबंधक उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन तथा उचित मूल्य दुकान चलाने वाले स्वसहायता समूह हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ई केवाईसी सात दिवस में कराएं। इसके लिए 24 मई को ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जो व्यक्ति पात्र पाए जाएं उनके ई केवाईसी दर्ज कराएं। विषमता परिवार, मृतक, डुप्लीकेट तथा अपात्र हितग्राहियों के नाम राशन मित्र पोर्टल से काटने की भी कार्यवाही करें। ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक तथा सेल्समैन मिलकर अपात्रों के नाम पोर्टल से 26 मई तक अनिवार्य रूप से पृथक कराएं। स्थाई रूप से पलायन करने वाले परिवारों के नाम भी पोर्टल से पृथक करें। जिले में एक जून से राशन वितरण की ऑनलाइन प्रणाली लागू की जा रही है। जिन हितग्राहियों का ई केवाईसी नहीं होगा उन्हें जून माह से राशन नहीं मिलेगा। इसलिए सभी हितग्राहियों की ई केवाईसी सात दिनों में अनिवार्य रूप से कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अभी आप सबके पास सात दिनों का समय है। इसमें रात-दिन काम करके ई केवाईसी का लंबित कार्य पूरा करा लें। आवंटित खाद्यान्न का हर माह वितरण 95 प्रतिशत से अधिक हो रहा है। इसलिए ई केवाईसी भी 95 प्रतिशत से अधिक होनी चाहिए। अपात्र व्यक्तियों के नाम काटने की कार्यवाही तत्परता से करें। जून माह से स्मार्ट राशन प्रणाली लागू होने के बाद ई केवाईसी के अभाव में यदि हितग्राही खाद्यान्न से वंचित होते हैं तो सेल्समैन समिति प्रबंधक, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। अपात्रों को खाद्यान्न वितरण की वसूली की भी कार्यवाही की जा सकती है। कलेक्टर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को 24 मई को विशेष ग्राम सभाओं के आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने ई केवाईसी में लापरवाही बरतने पर उचित मूल्य दुकान अतरैला, लूक, पटेहरा के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। ई केवाईसी की मानीटरिंग में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने आजीविका मिशन के ब्लाक समन्वयक जवा को नोटिस देकर उसके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को आगामी दो माह तक ऋणों की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने तथा बड़े बकायादारों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर, सहायक आपूर्ति अधिकारी सुभाष द्विवेदी, प्रभारी उपायुक्त सहकारिता, सभी सीईओ, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समिति प्रबंधक तथा उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन उपस्थित रहे।

# सभी पंचायतों में 24 मई को ई केवाईसी के लिए होगी विशेष ग्राम सभा

**रीवा,कासं.।** खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ई केवाईसी की जा रही है। इसके लिए 24 मई शनिवार को सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि ग्राम सभा आयोजन के लिए तत्काल सूचना जारी कर दें। निर्धारित तिथि में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कराकर उसमें उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन और समिति सेवक राशन कार्ड में दर्ज सभी व्यक्तियों की ई केवाईसी करा लें। ग्राम सभा में मृत हितग्राहियों, विषमता परिवार के सदस्यों और स्थाई रूप से पलायन करने वाले सदस्यों की सूची का भी वाचन कर दें।

इसके बाद ग्राम पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायक मृतक, डुप्लीकेट नाम तथा विषमता परिवार के सदस्यों के नाम राशन मित्र पोर्टल से पृथक करने की कार्यवाही करें। ई केवाईसी शत-प्रतिशत अपडेशन तथा अपात्रों के नाम काटने की कार्यवाही 26 मई तक पूरी करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा है कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्राम सभाओं के आयोजन की तत्काल व्यवस्था कराएं। प्रत्येक ग्राम सभा में नोडल अधिकारी तैनात करें। सभी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी भी ग्राम सभाओं में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। सभी एसडीएम ग्राम सभाओं के आयोजन की मानीटरिंग सुनिश्चित करें। खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी 31 मई तक न होने पर उन्हें जून माह से खाद्यान्न नहीं मिलेगा।

## उद्योग विभाग की कार्यशाला 24 मई को

**रीवा,कासं.।** भारत सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों के विकास के लिए आरएएमपी योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कई नवीन प्रावधान किए गए हैं। इस संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला 24 मई को आयोजित की जा रही है। इस संबंध में जिला महाप्रबंधक उद्योग ने बताया कि कार्यशाला स्टार होटल में शाम 6 बजे आरंभ होगी। कार्यशाला में मध्यप्रदेश की एमएसएमई डवलपमेंट पालिसी, एमएसएमई भू आवंटन नियम 2025 तथा एमपी स्टार्टअप पालिसी की जानकारी दी जाएगी।

# किसानों को कम ब्याज में कृषि ऋण और बीमा सुरक्षा देता है किसान क्रेडिट कार्ड

**रीवा,कासं.।** किसानों को फसल की बोनी के समय खाद-बीज, कृषि उपकरण तथा अन्य खेती से जुड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूंजी की आवश्यकता होती है। किसानों के पास अधिक पूंजी न होने के कारण खेती में निवेश करने में कठिनाई होती है। इस कठिनाई को दूर करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड सबसे कारगर उपाय है। बैंकों के माध्यम से सभी छोटे-बड़े किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाते हैं। इसके माध्यम से बैंक किसान को कम अवधि की राशि चार प्रतिशत ब्याज की दर से देती है। किसान फसल आने पर यदि समय पर ऋण राशि चुका देते हैं तो उन्हें अगली फसल के लिए पुन: राशि जारी कर दी जाती है। किसान क्रेडिट कार्ड में फसलों के लिए सरलता से ऋण मिलने के साथ-साथ बीमा सुरक्षा का भी लाभ दिया जाता है। अधिकतम 70 वर्ष तक के किसानों को किसान क्रेडिट कार्डधारी होने पर मृत्यु की दशा में परिजनों को 50 हजार रुपए दिए जाते हैं। दुर्घटना में या अन्य कारण से स्थाई विकलांगता होने पर 25 हजार रुपए की सहायता दी जाती है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि सभी किसान किसान क्रेडिट कार्ड बैंकों के माध्यम से बनवा सकते हैं। किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए जमीन का खसरा आवेदन पत्र के साथ बैंक में प्रस्तुत करना होता है। किसान क्रेडिट कार्ड में किसान का नाम, पता, जमीन की जानकारी तथा अवधि अंकित होती है। किसान क्रेडिट कार्ड पाँच वर्ष के लिए वैध होता है। इसके बाद इसकी कार्यशील पूंजी का नवीनीकरण वार्षिक आधार पर किया जाता है। किसान क्रेडिट कार्ड में ऋण राशि की अधिकतम सीमा फसल के अनुसार निर्धारित रहती है। बैंक द्वारा तीन लाख रुपए तक के केसीसी में कोई प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लिया जाता है। किसान जितनी राशि का उपयोग करता है उस पर ही ब्याज देय होता है। किसान क्रेडिट कार्ड में ब्याज की दर सात प्रतिशत निर्धारित है।



## संक्षिप्त समाचार

### शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए अच्छी खबर, निवेशकों की होगी अब बंपर कमाई

**मुंबई ,ए.।** ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बैंक मॉर्गन स्टेनली ने शेयर बाजार में बड़ी तेजी की उम्मीद जताई और कहा कि जून 2026 तक सेंसेक्स 89,000 के स्तर तक पहुंच सकता है, जो कि मौजूदा स्तरों से करीब 8 प्रतिशत अधिक है। मॉर्गन स्टेनली की ओर से सेंसेक्स के लक्ष्य में बढ़ोतरी करना दिखाता है कि वित्तीय फर्म का भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति पर विश्वास बना हुआ है और आय के आउटलुक में भी सुधार हो रहा है। इसके अतिरिक्त मॉर्गन स्टेनली ने प्रति शेयर आय (ईपीएस) अनुमान को भी करीब एक प्रतिशत बढ़ाया है और साथ ही जीडीपी वृद्धि दर अनुमान में भी इजाफा किया। रिपोर्ट में कहा गया कि सेंसेक्स का 23.5 गुना के पीई पर कारोबार करने का अनुमान है और यह इंडेक्स के 25 वर्ष के औसत 21 गुना से अधिक है। यह प्रीमियम मूल्यांकन भारत के स्थिर नीतिगत माहौल और मध्यम अवधि की विकास संभावनाओं में निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। ब्रोकरेज फर्म ने भारत की मजबूती और क्षमता के पीछे कई कारण गिनाए। इसमें मजबूत स्थिर वातावरण, राजकोषीय घाटे में कमी, महंगाई में कम उतार-चढ़ाव और मजबूत घरेलू निवेश शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अगले तीन से पांच वर्षों में वार्षिक आय वृद्धि मिड टू हाई की रेंज में रहने की उम्मीद है। इसकी वजह निजी पूंजीगत खर्च में वृद्धि, मजबूत बैलेंसशीट और खपत में बढ़त होना है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि हाल की वैश्विक घटनाओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार में निवेशकों ने धैर्य दिखाया है। खुदरा निवेशकों ने लगातार निवेश जारी रखा है, जिससे भारत की संरचनात्मक विकास कहानी में विश्वास मजबूत हुआ है। बड़ी बात यह है कि विदेशी निवेशकों की स्थिति 2000 के बाद से अपने सबसे कमजोर स्तर पर है। भारतीय रिजर्व बैंक का नरम रुख, स्थिर तेल की कीमतें और लगातार नीतिगत समर्थन तेजी की भावना को और मजबूत करते हैं। मॉर्गन स्टेनली ने भारत की हालिया भू-राजनीतिक रणनीति की भी प्रशंसा की, जिसमें कहा गया कि इसने राष्टीय सुरक्षा और देश के शासन में वैश्विक विश्वास को बढ़ाया है।

### कमजोर वैश्विक वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत : आरबीआई

**नई दिल्ली ,ए.।** वैश्विक विकास लगातार व्यापारिक तनाव, बढ़ी हुई नीतिगत अनिश्चितता और कमजोर उपभोक्ता भावना के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि उच्च व्यापार और टैरिफ-संबंधी चिंताओं के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। आरबीआई बुलेटिन के अनुसार, इन चुनौतियों के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती प्रदर्शित की है। अप्रैल में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स ने अपनी गति बनाए रखी। रबी की बंपर फसल और गर्मियों की फसलों के लिए अधिक रकबा, साथ ही 2025 के लिए अनुकूल दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वानुमान, कृषि क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत देते हैं। बुलेटिन में कहा गया है कि जुलाई 2019 के बाद से लगातार छठे महीने हेडलाइन सीपीआई मुद्रास्फीति अपने निम्नतम स्तर पर आ गई, जो मुख्य रूप से खाद्य कीमतों में निरंतर कमी के कारण हुई। अप्रैल में डोमेस्टिक फाइनेंशियल मार्केट सेंटीमेंट में उतार-चढ़ाव रहा, लेकिन मई के तीसरे सप्ताह से इसमें सुधार देखने को मिला। इस साल अप्रैल में कृषि श्रमिकों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण श्रमिकों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति की दर में गिरावट आई और यह क्रमशः 3.48 प्रतिशत और 3.53 प्रतिशत हो गई, जो कि अप्रैल 2024 में क्रमशः 7.03 प्रतिशत और 6.96 प्रतिशत थी, जिससे गरीब परिवारों को राहत मिली। इसके अलावा, घरेलू इक्विटी बाजार, जो अमेरिका द्वारा टैरिफ घोषणाओं के जवाब में शुरू में गिर गया था, अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में कुछ बैंकिंग और फाइनेंशियल सेक्टर की कंपनियों के चौथी तिमाही के लिए मजबूत कॉर्पोरेट आय रिपोर्ट के मद्देनजर फिर से गति पकड़ने लगा।

# मुंबई ने दिल्ली को हराकर प्लेऑफ में मारी धमाकेदार एंट्री, सूर्य ने खेली शानदार 73 रनों की पारी

## -बुमराह और सेटनर ने झटके 3-3 विकेट



**मुंबई, ए.।** आईपीएल 2025 के 63 वें मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 59 रनों से हरा दिया है. इसके साथ मुंबई प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई. 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की पूरी टीम 121 रनों पर सिमट गई. इसके साथ दिल्ली का सफर यहीं पर ही खत्म हो गया. मुंबई के ओर से बुमराह ने 3.2 ओवर में 12 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि सेटनर ने 4 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट झटके गुजरात, अरसीबी और पंजाब के बाद मुंबई प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई है. इस जीत के साथ मुंबई के कुल 16 अंक हो गए हैं और उनका लीग का आखिरी मैच पंजाब से है. दिल्ली की टीम 181 रनों के लक्ष्य पीछा करने में विफल रही, क्योंकि समीर रिजवी (39 रन) के अलावा उनका कोई भी बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सका. जिसकी वजह से उन्हें 59 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

दिल्ली आईपीएल 2025 में लगातार 4 मैच जीतकर अपने अभियान की शुरूआत करने के बावजूद प्लेऑफ से बाहर हो गई. जबकि मुंबई शुरू में लगातार 5 मैच हारने के बाद भी प्लेऑफ में क्वालीफाई करके सबको एक बार फिर चौंका दिया है। इससे पहले टॉस हारने के बाद मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 180 रन बनाए, जिसमें अंतिम दो ओवरों में 48 रन बने. सूर्यकुमार 16वें ओवर की समाप्ति पर 28 गेंदों पर 35 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन डेथ ओवरों में उन्होंने आक्रामक शुरुआत की. उन्होंने अंतिम ओवर में दुष्मंथा चमीरा की धज्जियां उड़ाते हुए दो छक्कों और दो चौकों सहित 21 रन बनाए.

सूर्यकुमार ने स्कोर में तेजी लाने के लिए सही समय का इंतजार किया, खेल को गहराई तक ले गए और डेथ ओवरों में टीम को महत्वपूर्ण गति प्रदान की. सूर्य ने 43 गेंद पर 73 रनों की इनिंग खेली, जिसमें 7 चौके और 4 छक्के शामिल थे.

पहले सात ओवरों में नियमित अंतराल पर मुंबई इंडियंस के विकेट खोने के बाद उन्होंने और तिलक वर्मा ने 55 रनों की साझेदारी की. तिलक ने 27 गेंदों पर 27 रन बनाए, जबकि नमन धीर ने शानदार फिनिशिंग टच देते हुए सिर्फ 8 गेंदों पर 24 रन बनाए।

# आयरलैंड की हैट्रिक जीत, वेस्टइंडीज को फिर हराया, पॉल स्टर्लिंग ने रचा नया इतिहास

**डबलिन, ए.।** आयरलैंड ने बुधवार, 21 मई को डबलिन के कैसल एवेन्यू में वेस्टइंडीज पर ऐतिहासिक 124 रनों की जीत दर्ज की. तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में जीत 304 के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 34.1 ओवर में 179 पर ही ढेर हो गई. यह वनडे क्रिकेट में वेस्टइंडीज पर आयरलैंड की लगातार तीसरी जीत थी. वैसे कुल मिलाकर, आयरलैंड ने वेस्टइंडीज पर अपनी चौथी जीत दर्ज की. आयरलैंड की टीम ने एंडी बालबर्नी के शतक और गेंदबाजी इकाई के सामूहिक प्रयास की बदौलत ये बड़ी जीत दर्ज की. 304 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज ने पारी की शुरुआत में ही लड़खड़ा गई और उनके 31 के स्कोर पर ही 5 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए. उसके बाद जस्टिन ग्रीव्स (17 गेंदों पर 35 रन), रोस्टन चेज (76 गेंदों पर 55 रन) और मैथ्यू फोर्ड (48 गेंदों पर 38 रन) ने कुछ अच्छी पारियां खेलीं, लेकिन वे टीम को जीत दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं थीं. आयरलैंड की ओर से मकार्थी ने 4 जबकि डॉक्रेल ने 3 विकेट लिए. इससे पहले मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर आयरलैंड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग (54) और एंडी बालबर्नी (112) ने पहले विकेट के लिए 109 रनों की साझेदारी की. इसके बाद बल्लेबाजो ने रन बनाने की गति को जारी रखा और टीम ने 300 रनों का आंकड़ा पार किया. हैरी टेक्टर ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए 56 रन बनाए, मैथ्यू फोर्ड और अल्जारी जोसेफ ने क्रमशः तीन और दो विकेट लिए. आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मैच में 54 रनों की अर्धशतक पारी खेलकर इतिहास रच दिया. क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले आयरलैंड के खिलाड़ी बन गए. 34 वर्षीय स्टर्लिंग देश के लिए अंतरराष्ट्रीय रन बनाने के मामले में अपने हमवतन से काफी आगे हैं।

# बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का किया ऐलान, आयुष म्हात्रे को बनाया गया नया कप्तान?



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. दोनों टीमों को 24 जून से 23 जुलाई तक दौरे पर 5 वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलने हैं. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले आयुष म्हात्रे को टीम का कप्तान बनाया गया है. वहीं, विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को उनका डिप्टी नियुक्त किया गया है. आयुष म्हात्रे आईपीएल 2025 की खोज में से एक हैं, जो मौडूदा सीजन के बीच में चोट के कारण सीएसके में शामिल हुए थे. उन्होंने अब तक सिर्फ 6 मैचों में 34.33 की औसत और 187.27 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से कुल 206 रन बनाए हैं, जिसमें एक शानदार अर्धशतक भी शामिल है. इस युवा खिलाड़ी ने सीएसके के साथ अपने छोटे से कार्यकाल में 28 चौके और 8 छक्के लगाए हैं। बीसीसीआई ने इस टीम में आईपीएल 2025 में सनसनी मचाने वाले बाएं हाथ के धाकड़ युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया है. उन्होंने इस सीजन के बीच में ही अपना डेब्यू किया और 7 मैच खेले, जिसमें 36 की औसत और 206.55 की बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 1 जड़ा. सूर्यवंशी ने 34 गेंदों पर किसी भारतीय द्वारा लगाया गया सबसे तेज शतक लगाया और इस सीजन में कई रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया.

इंग्लैंड के आगामी दौरे पर सभी की निगाहें इन दो सुपरस्टार खिलाड़ियों पर होंगी और इस दौरे पर उनकी लाल गेंद की स्किल्स की भी परीक्षा होगी. उनके अलावा, हरवंश सिंह, कनिष्क चौहान, आदित्य राणा और अनमोलजीत सिंह जैसे खिलाड़ी भी भारत अंडर-19 के लिए इंग्लैंड दौरे पर महत्वपूर्ण होंगे।

## टोटेनहम हॉटस्पर ने रचा इतिहास

# मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर 17 साल बाद जीता यूरोपा लीग का खिताब



**बिलबाओ (स्पेन), एजेंसी।** टोटेनहम हॉटस्पर ने 22 मई, बुधवार को यहां स्पेन के बिलबाओ में मैनचेस्टर यूनाइटेड पर 1-0 की मामूली जीत के साथ यूरोपा लीग फाइनल जीतकर अपने 17 साल के लंबे ट्रॉफी सूखे को खत्म किया. 2008 में लीग कप जीतने के बाद से यह उनकी पहली खिताबी जीत है. पहले हाफ में ब्रेनन जॉनसन का गोल मैच में बनाया गया एकमात्र गोल साबित हुआ. इस मैच में कोई बेहतरीन फुटबॉल नहीं देखने को मिला, लेकिन नॉर्थ लंदन के इस क्लब के लिए यह बहुत मायने रखता था. मैनचेस्टर यूनाइटेड को 16 मौके मिले, जिनमें से छह निशाने पर लगे, लेकिन वे सफलता नहीं पा सके. इस करारी हार के साथ, रुबेन एमोरिम के पुरुष अब अगले सत्र में यूरोपीय प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे. जॉनसन के गोल को छोड़कर, पहला हाफ दोनों टीमों के लिए यादगार नहीं रहा. वे गेंद को अपने कब्जे में रखने में लापरवाह थे और अंतिम तीसरे भाग में सटीकता की कमी थी. मैच का सबसे महत्वपूर्ण क्षण हाफटाइम से ठीक पहले आया जब पापे सार ने जॉनसन को निशाना बनाते हुए यूनाइटेड पेनल्टी क्षेत्र में गेंद को असिस्ट किया. जॉनसन ने यूनाइटेड के गोलकीपर आंद्रे ओनाना को पीछे छोड़ते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया, यह गोल टोटेनहम हॉटस्पर की ऐतिहासिक जीत में निर्णायक साबित हुआ. दूसरे हाफ में, मैनचेस्टर यूनाइटेड बढ़त हासिल करने के लिए बेताब था और बराबरी की तलाश में था।

# एक माह में पूर्ण करायें नये औद्योगिक आस्थान का कार्य : डीएम

**बीघाखेत औद्योगिक आस्थान की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने जताया रोष**

**पीएम विश्वकर्मा योजना के विभिन्न स्तरो पर लंबित आवेदनो की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश**

**औद्योगिक आस्थान के निर्माण के लिये भूमि चिन्हांकन के दिये निर्देश**



**ललितपुर।** उद्योग बन्धु समिति बैठक का आयोजन डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में किया गया। डीएम ने पीएम विश्वकर्मा योजना की विभिन्न स्तरों पर लंबित आवेदनों की प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नये औद्योगिक आस्थान के कार्य को एक माह मे पूर्ण कराने के लिये यूपीएसआईसी को निर्देशित किया तथा चन्देरा औद्योगिक आस्थान में पानी निकासी के लिये आगणन प्रस्तुत करने के लिये कहा। अधिशासी अभियन्ता विद्युत को चन्देरा में नये फीडर की स्थापना के लिये आगणन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। खनन अधिकारी को खनन से सम्बधित इकाईयों तक विद्युत की व्यवस्था पहुंचाने के लिये विधुत विभाग से समन्वय स्थापित कर खनन इकाइयों को विजनेस प्लान में समिलित करने के लिये निर्देशित किया। उद्यमी संगठनों की मांग पर मिनी औद्योगिक आस्थान के संदर्भ में तालबेहट में एक हैण्डपम्प, एक हाईमास्क लाईट की व्यवस्था क्रिटिकल गैप से करने की सहमति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नये औद्योगिक आस्थान के निर्माण के लिये भूमि चिन्हित की जाए एवं उद्यमी संगठनों की मांग पर चन्देरा औद्योगिक आस्थान में वाउण्ड्रीवॉल के निर्माण हेतु औद्योगिक आस्थान की जमीन का चिन्हांकन किया जाए। बैठक में सीडीओ, एडीएम, डीडीओ, सीओ सिटी, डीपीआरओ, ईओ नगर पालिका, ईई विद्युत, खनन अधिकारी, वन क्षेत्राधिकारी, डीआईओ, उपायुक्त उद्योग, सहायक प्रबंधक उद्योग के अलावा व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी की बड़ी कार्रवाई**



**ललितपुर।** ग्राम पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई ने ग्राम पंचायत अधिकारी को रंगे हाथ 23 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 22 मई 2025 को जनपद ललितपुर के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनारी में की गई। शिकायतकर्ता लोकेन्द्र सिंह ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन को दी गई शिकायत में बताया कि उनके पिता बलवन्त सिंह ग्राम पनारी के वर्तमान ग्राम प्रधान हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (शुगर) के चलते ग्राम प्रधान के कार्यों का निर्वहन शिकायतकर्ता द्वारा किया जा रहा है। ग्राम में अम्बेड़कर पार्क के निर्माण हेतु ग्राम विकास निधि से लगभग 8.54 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी, जो ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी (सेकेट्री) के संयुक्त खाते में जमा की गई थी। निर्माण कार्य के प्रथम चरण में लगभग 2 लाख रुपये पूर्व में स्थानांतरित किए जा चुके थे। शेष कार्य के लिए धनराशि की आवश्यकता पडने़ पर शिकायतकर्ता के पिता ने ग्राम पंचायत अधिकारी उमाशंकर राजपूत से अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने पहले से जारी धनराशि में से 23 हजार रुपये कमीशन (रिश्वत) की मांग की और कहा कि इसके बाद ही अगली किस्त जारी की जाएगी। शिकायतकर्ता द्वारा रिश्वत देने से इंकार करते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई में शिकायत दर्ज कराई गई। संगठन की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए 22 मई 2025 को दोपहर लगभग 12.30 बजे ग्राम पनारी स्थित रामेश्वर तिवारी के मकान (जहां आरोपी किराए पर रह रहा था) में छापा मारकर ग्राम पंचायत अधिकारी उमाशंकर सिंह राजपूत को 23 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में शामिल अधिकारीगण निरीक्षक शादाब खान (नेतृत्व में), चतुर सिंह, ठाकुरदास, मोहम्मद आरिफ, इरशाद खां, राहुल कुशवाहा, ओमकार, जितेन्द्र सिंह, शिवम गुप्ता, शिवम कुमार द्विवेदी आदि शामिल रहे। इस प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में थाना कोतवाली ललितपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया है। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति का प्रमाण है और पंचायत स्तर पर पारदर्शिता की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट करने का आरोप

**ललितपुर।** तालबेहट के बड़ाहार रामपुर निवासी शीला पत्नी बलवीर यादव ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 21 मई को शाम करीब साढ़े सात बजे वह घर के बाहर थी। तभी मोहल्ले के गब्बर पुत्र तोरन आया और कहा कि उसकी पुत्री के जन्मदिन में खाना खाने क्यों नहीं आये। इस पर उसने कहा कि आप भी नहीं आये थे, इसलिए हम नहीं आये। तभी गब्बर उर्फ गजराज व उसका भाई सुजान आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। खेत से आ रहे उसके पति बलवीर के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना बालाबेहट के ग्राम डारा निवासी कैलाश यादव पुत्र करनसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के रामबाबू पुत्र जशरथ सिंह पर मारपीट का आरोप लगाया है। बीच-बचाव करने आये पिता करन सिंह व चाचा अनरत सिंह के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मां-बेटे पर मारपीट का आरोप

**ललितपुर।** आजादपुरा निवासी किशोरी पुत्र अजुद्दी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार की सुबह 9 बजे पड़ौस के दीपू पुत्र जीवन व मुन्नी पत्नी जीवन ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पूरे परिवार के साथ मारपीट करने का आरोप, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम पनारी निवासी भागवती पत्नी धर्मवीर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह व उसका पति दिव्यांग हैं। उसे प्रधानमंत्री आवास आया था, जिस पर वह बुधवार को सुबह करीब 9.30 बजे काम लगा रही थी। इसी दौरान गांव के रामबाबू, अरविन्द उर्फ संजू, प्रमोद पुत्रगण जगदेव, अक्षय पुत्र प्रमोद उर्फ शिम्लू, मुकेश, रजनीश पुत्रगण शंकर तिवारी, हल्ती पुत्र स्व.रामसेवक, बड़े तिवाई पुत्र रामसेवक एकराय होकर आये और उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके परिवार के जेठानी शोभाबाई पत्नी राजकुमार, जेठानी जानकी पत्नी नरेश, देवरानी भावना के साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने 20 मई को रात करीब 10 बजे ससुर जो कि जान बचाकर वहां से भाग रहे थे के साथ भी मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**ललितपुर।** मुख्यालय से कुछ किमी दूर स्थित गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 17 मई को सुबह 6 बजे मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत ग्राम बरदौरा निवासी उपेन्द्र कुशवाहा पुत्र श्रीराम कुशवाहा उसकी 21 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। आरोप है कि उसकी पुत्री अपने साथ घर में रखे 2 लाख रुपये नकद, सोने के जेवरात में झुमकी, मंगलसूत्र भी ले गयी। काफी खोजबीन के बावजूद भी उसका कोई पता नहीं चल सका है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उपेन्द्र कुशवाहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** आईटीआई परिसर में रोजगार मेला, प्लेसमेन्ट-डे का आयोजन किया गया। जिसमें मात्र 11 प्रशिक्षार्थी शामिल हुये। विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा नियोजक के रूप में प्रशिक्षार्थियों का सेवायोजन हेतु साक्षात्कार लेकर कुल सात प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। इनमें आईटीआई ललितपुर से 2, तालबेहट से 3, महरौनी व पाली से एक-एक प्रशिक्षार्थी चयनित हुआ। नोडल प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र ने प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों को बताया कि हुनरमन्द एवं अनुभव से युक्त योग्य एवं कुशल व्यक्ति को रोजगार से सम्बन्धित कठिनाइयों का सामना नही करना पड़ता है। इस दौरान प्लेसमेंट प्रभारी चन्द्रभान प्रजापति, अनुदेशक बबीता सिंगरया, अनुदेशक शिवम सेन मौजूद रहे।

### पातालकोट एक्सप्रेस से सामान भरी बोरी चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला रायसेन अंतर्गत थाना ओबेदुल्लागंज के देहरी नीमखेड़ा निवासी दीपक शर्मा पुत्र रमेशचंद्र शर्मा ने जीआरपी पुलिस को सूचना देते हुये बताया कि बीती 24 अप्रैल 2025 को वह ट्रेन संख्या 20424 पातालकोट एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-5 की सीट संख्या 6 व 8 पर अपने साले शिवम शर्मा के साथ मथुरा से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल के लिए यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपनी एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी, जिसमें एक बजाज कम्पनी का पंखा, एक छोटा पंखा, एक प्रेशर कुकर यूनाईटेड, प्लास्टिक के टप, एक बाल्टी, एक ओबन व कुछ सामान जिसकी कुल कीमत आठ हजार रुपये था को साइड में रखकर बैठा था। बताया कि रात करीब 10.05 बजे जब ट्रेन ललितपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी और उसका ध्यान बोरी पर नहीं था। इसी समय कोई अज्ञात बदमाश उसकी बोरी उठाकर चोरी कर ले गया। दीपक शर्मा की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पुस्तैनी जमीन पर गुण्डागर्दी से निर्माण करने का आरोप

ललितपुर। ग्राम पनारी निवासी रामबाबू तिवारी पुत्र जगदेव प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 21 मई की सुबह 9.30 बजे वह घर पर था। तभी गांव के नरेश कुशवाहा व धीरज कुशवाहा पुत्रगण गुलाब कुशवाहा, राहुल कुशवाहा पुत्र नरेश व उनकी 3-4 महिलाएं जो कि उसकी पुस्तैनी 213 के अंश भाग पर अवैध गुण्डागर्दी के बल पर अवैध निर्माण कर रहे थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी



**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी क अध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में महरौनी में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंचायती राज, सूचना प्रौद्योगिकी के जनक, आधुनिक भारत के निर्माता, मोबाइल-कम्प्यूटर के जनक, 18 वर्ष के युवाओं को मत का अधिकार देकर सशक्त भारत का निर्माण किया। भारत के आधुनिक विकास से महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान भारत की गिनती विकासशील देशों में होने लगी थी। इस दौरान सूर्य प्रताप सिंह जमींदार, जाहिर सिंह बघेल, पृथ्वी सिंह, आशाराम तिवारी, भगवत नारायण भौंड़ेले, कमल सिंह, राकेश कुमार सेन, नाजिम अली, दयाशंकर रजक, मुनीर खां, कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश खरे, हलकरन चंचल, असरार अली आदि मौजूद रहे। इधर ललितपुर में नगर पालिका के पास पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। नगराध्यक्ष ने कहा कि सबसे युवा प्रधानमंत्री बने, उन्हें भारतरत्न का संकल्प, आधुनिक भारत का संकल्प, विकसित भारत का संकल्प, आधुनिक भारत का संकल्प, कम्प्यूटर के जनक रहे। इस मौके पर सभी कांग्रेसियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, शशिकांत दीक्षित, सीताराम राय, मोहित वैध, राजेश जैन, राशिद, खलकसिंह राजपूत, नेहा तिवारी, मोहन चंदेल, रामसिंह यादव, संजू कुशवाहा, राकेश रजक, रवि राजपूत, अमित, रामनरेश दुबे, सुशील रजक, हरदेव, नीरज पाराशर, गजेन्द्र सिंह बुन्देला आदि उपस्थित रहे। संचालन पंकज हुण्डैत ने किया।

# साथी अभियान से मिलेगा बेसहारा बच्चों को नया जीवन : जिला जज

**नालसा और डालसा की ऐतिहासिक पहल**

**ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा बेसहारा और लावारिस बच्चों के लिए चलाए जा रहे साथी अभियान की पहली बैठक जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला जज ने बताया कि साथी अभियान को गति देने के लिए इस कैंपेन से जुड़े व्यक्तियों को साथ मिलकर काम करना होगा।

इसके तहत निराश्रित बच्चों के पहचान कर उनकी आधार मैपिंग कराई जाएगी। इसके बाद उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में साथी टीम के सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें न्यायिक, प्रशासनिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में साथी अभियान की रूपरेखा, कार्यप्रणाली और लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने बताया कि कई महिलाएं जब कुटुंब न्यायालय में अपने अधिकारों के लिए आती हैं, तो उनके बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं होता, जिससे वे कई योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे मामलों को प्राथमिकता देते हुए साथी अभियान के माध्यम से इन बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मयंक जायसवाल द्वारा साथी अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई,उन्होंने बताया कि साथी अभियान, साथी यानी आधार और ट्रैकिंग एवं समग्र समावेशन तक पहुंच के लिए सर्वेक्षण- यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य उन लाखों बच्चों की पहचान सुनिश्चित करना है जो सड़कों, झुग्गियों, रेलवे स्टेशनों और अनाथालयों में रहते हैं और जिनके पास कोई कानूनी पहचान नहीं है। यह पहल उन्हें आधार कार्ड उपलब्ध कराकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोडने़ का कार्य करेगी। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एएसपी कालू सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी नंदलाल सिंह, डीपीओ नीरज कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, तनवीर हसन, मनोज श्रीवास्तव, पीयूष भार्गव, रविंद्र कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष राजकुमार जैन, चाइल्ड हेल्पलाइन से शुभम अहिरवार, पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, निधि सहरिया, शशिकांत लोधी, आकाश झा, पैरा लीगल वॉलेंटियर रीना परमार, मुकेश कुमार, गणेशराम, राजेश कुमार राठौर, डालसा कर्मियों में विवेक यादव, रोहित राठौर, आलोक पुरोहित, विकास कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# किसान दिवस में उठायी समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग



**ललितपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र अध्यक्ष डा.मुकेशचन्द्र की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। उपस्थित किसानों द्वारा पीएम फसल बीमा योजना के तहत खरीफ में प्राप्त क्षतिपूर्ति का आंकलन सही कराकर कृषकों को उचित क्षतिपूर्ति दिलाई जाने व सीडीओ अध्यक्षता में चल रही फसल बीमा की जांच को जल्द से जल्द पूर्ण करने की मांग की गयी। किसान ऊदल पटेल, राजपाल यादव द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के फोन न उठाने संबंधित समस्या उठाते हुये मांग की गयी की विद्युत आपूर्ति समय से की जाये, जिससे किसानों को समस्या न हो। बाबूलाल दुबे ने तालाबों में सिल्ट सफाई किये जाने की मांग की, ताकि वर्षा का जल संरक्षित किया जा सके। नवनीत शर्मा द्वारा राजघाट डेम के डूब क्षेत्र में आ रहे पट्टों पर भूमाफियों द्वारा कब्जा जमाये जाने के संबंध में जांच कराये जाने की मांग की गयी है। भाकिसं ने ग्राम पंचायत सतगता में बिजली उपलब्ध कराने व जल निगम पाईप लाइन चालू कराने के संबंध में ज्ञापन दिये गया। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं को लेकर दो शिकायती पत्र दिये गये, जिसमें विभाग ने मौके पर निस्तारित कराया। इस दौरान डीडी कृषि, कृषि अधिकारी, उद्यान अधिकारी, सहायक अभियंता सिंचाई खण्ड, सहायक अभियन्ता, सीवीओ, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला अध्यक्ष के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

## पर्यावरण अनुकूल जागरूकता के लिए ली शपथ

**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन पर प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार चतुर्वेदी द्वारा रेल प्रशासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस पखबाड़ा में सभी रेल अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्रों ने यात्रियों के साथ पर्यावरण अनुकूल जागरूकता लाने, अपनाने के लिए शपथ ग्रहण कर प्लास्टिक के उपयोग न करने एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए कार्य करने की शपथ ली। प्लेटफार्म संख्या 1,2 व 3 पर सभी यात्रियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को स्टेशन प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार चतुर्वेदी, सीसीआई संजय चौबे, सीटीआई संजय सोनकर, उप स्टेशन प्रबंधक राघवेन्द्र, रेलवे कर्मचारी शिवशंकर सोनी, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय एवं समस्त वाणिज्यकर एवं परिचालन कर्मी, प्राइम क्लीनिंग सर्विस मैनेजर दीपक सिंह ठाकुर, सुपरवाइजर संतोष सिंह, सफाई मित्र सागर, प्रशान्त, अमन, नेहा, प्रीति, ममता, रानी, अनीता, बच्चू, वन्दना आदि ने प्रतिभाग किया।




# तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**रायपुर,कासं.।** राजधानी रायपुर के हृदय स्थल शारदा चौक स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर बुधवार 21 मई शाम 4 बजे भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा ऑपरेशन सिन्दूर की सफ्लता को समर्पित थी। जवाहर नगर मंडल के नेतृत्व में यह यात्रा शारदा चौक स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर से शुरू हुई। जवाहर नगर मंडल के अध्यक्ष संदीप जँघेल ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता के बाद निकाली गई तिरंगा यात्रा से शहर के विभिन्न सड़क मार्ग में राष्ट्रीवादी नारे की जय जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। यात्रा शारदा चौंक से प्रारंभ एम जी रोड होते हुए गुरुनानक चौक,राठौड़ चौंक,रामसागर पारा, बढ़ई पारा,ललिता चौक, तात्यापारा चौक,फूल चौक होते हुए वापस शारदा चौकमें समापन हुए हुए।

यात्रा में उपस्थित सभी राष्ट्र प्रेमी नागरिकों ने अपने हाथों में भारत देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अपने हाथों में लेकर भारत माता की जयकारों के साथ राजधानी के विभिन्न समाज के कई प्रतिष्ठित लोगों ने एवं बड़ी संख्या में साधु संतों ने हिस्सा लिया और ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिन्दूर की सफ्लता ने देशवासियों को गौरवान्वित किया उस पर अपना आभार भी प्रकट किया। तिरंगा यात्रा में विशेष रूप से जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर,प्रफुल्ल विश्वकर्मा,विजय अग्रवाल ,पार्षद अवतार बागल,चंद्रेश शाह,सुभाष अग्रवाल ,मण्डल अध्यक्ष संदीप जंघेल महिला मोर्चे से ,श्रीमती भारती बागल ,गीता रेड्डी आदि विशेष रूप से उपस्थित थी।

## विप्र पब्लिक स्कूल भवन लोकार्पण समारोह 23 को

**रायपुर,कासं.।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र महाविद्यालय के 30वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विप्र पब्लिक स्कूल भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया है। भवन का उद्घाटन अनंत श्री विभूषित द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद महाराज के करकमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग के राज्यपाल रामेन डेका होंगे एवं विशेष अतिथियों में बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा राजेश मूणत विधायक पश्चिम पुरंदर मिश्रा विधायक उत्तर रायपुर, अनुज शर्मा विधायक धरसीवां महापौर मीनल चौबे, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे होंगे कल्पना योगेश तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा, सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा शशांक शर्मा अध्यक्ष साहित्य अकादमी नीलू शर्मा अध्यक्ष पर्यटन मंडल होंगे । उक्त जानकारी युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# लंबित प्रकरणों की निपटान में तेजी के लिए PHQ ने शनिवार की छुट्टी की रद्द

**विभागीय कामकाज में तेजी और जवाबदेही बढ़ाने के लिए DGP का बड़ा निर्णय**

**सभी ADG अपने AIG और शाखा प्रभारी की उपस्थिति सुनिश्चित करें**

**अगली सूचना तक पुलिस मुख्यालय छह दिवसीय कार्यदिवस मोड में**

**रायपुर,कासं.।** छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय (PHQ) ने लंबित विभागीय मामलों के शीघ्र निपटारे और प्रशासनिक जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार की छुट्टियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। अब PHQ में सप्ताह में छह दिन कार्यदिवस रहेगा। 20 मई 2025 को जारी परिपत्र क्रमांक रू1641 के अनुसार, यह आदेश पुलिस महानिदेशक (DGP) के निर्देश पर प्रशासनिक शाखा द्वारा जारी किया गया है। परिपत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ÷विभागीय कार्यों की महत्ता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस मुख्यालय में पदस्थ सभी अधिकारियों की उपस्थिति प्रत्येक शनिवार को अनिवार्य होगी। आदेश में सभी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ADG) से कहा गया है कि वे शनिवार को अपने-अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि सहायक पुलिस महानिरीक्षक (AIG) स्तर के अधिकारी और शाखा प्रभारी भी शनिवार को कार्यालय में मौजूद रहें। यह निर्देश PHQ के सभी प्रमुख विभागों और शाखाओं पर लागू होगा और अगली सूचना तक प्रभावशील रहेगा। उच्च अधिकारियों का मानना है कि यह कदम संगठनात्मक अनुशासन सुदृढ़ करने, फाइल निपटान की समय-सीमा तय करने और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने की दिशा में अत्यंत आवश्यक है।

PHQ सूत्रों के अनुसार, लगातार बढ़ रहे लंबित प्रकरणों, विभागीय अनुमोदनों और फाइलों के शीघ्र संचालन हेतु यह सख्त कदम उठाया गया है, ताकि समयबद्ध तरीके से निर्णय हो सकें और कार्यप्रवाह में तेजी लाई जा सके। आंतरिक प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त करने के इस प्रयास को पुलिस विभाग में प्रशासनिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। शनिवार को उपस्थिति अनिवार्य होने से अब प्रत्येक सप्ताह की प्रगति की निगरानी और समीक्षा अधिक प्रभावशाली ढंग से संभव हो सकेगी।

# रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य तेजी के साथ पूर्ण किया जाए

### सांसद श्री कुशवाह ने रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्य का किया अवलोकन
### निर्माण के दौरान रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को न हो किसी प्रकार की असुविधा



**ग्वालियर।** ग्वालियर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य को तेजी से और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्य के चलते रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों और उनके परिजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। गर्मी के मौसम को देखते हुए यात्रियों के लिये अस्थायी शेड के साथ-साथ पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधायें भी उपलब्ध हों। क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने गुरुवार को ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन करते हुए यह निर्देश दिए। ग्वालियर रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य 462.79 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन का निर्माण एवं विकास आगामी 40 वर्षों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ग्रामीण श्री प्रेम सिंह राजपूत, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, एसडीएम श्री अतुल सिंह, स्टेशन मास्टर श्री जी एस राघव एवं के पी एस कंपनी के इंजीनियर श्रीनिवास राव सहित रेलवे एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित थे। सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि रेलवे स्टेशन का एस्केलेटर हमेशा चालू रहे। इसके साथ ही यहाँ पर एक कर्मचारी भी पदस्थ रहे। इसके साथ ही निर्माण कार्य पूरी गति के साथ किए जाएं, ताकि रेलवे स्टेशन का कार्य पूर्ण हो और आम जनों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि रेलवे स्टेशन पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।

# नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

### महाराज बाडा स्थित ओल्ड नगर निगम बिल्डिंग के कार्य की गति बढाने को लेकर दिये जरुरी दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त एवं प्रभारी स्मार्ट सिटी सीईओ श्री संघ प्रिय ने आज गुरुवार को स्मार्ट सिटी द्वारा महाराज बाडा पर प्रगतिरत कार्यो का निरीक्षण किया। वही उन्होने नीडम पुल के नीचे प्रस्तावित पार्क को बनाये जाने को लेकर इस क्षेत्र का मुआयना कर संबंधित अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्मार्ट सिटी, नगर निगम सहीत निर्माण एजेंसी के अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त ने सर्वप्रथम सुबह नीडम पुल के नीचे प्रस्तावित पार्क बनाये जाने वाले क्षेत्र का मुआयना किया। उन्होने संबंधित अधिकारियो को इस कार्य को लेकर जरुरी कार्य योजना बनाने के लिये निर्देशित किया। श्री संघ प्रिय ने कार्य योजना बनाते समय भविष्य मे इसके संचालन व रखरखाव संबंधी जरुरी प्रावधान किये जाने के लिये भी संबंधित अधिकारियो को जरुरी दिशा निर्देश दिये। श्री संघ प्रिय ने इसके बाद आमखो बस स्टेण्ड पर पानी भराव के चलते की जा रही वाटर हार्वेस्टिंग संबंधी कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होने स्मार्ट सिटी व नगर निगम के अधिकारियो को समन्वय कर इस कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा करने के लिये निर्देशित किया। निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने महाराज बाडा पर स्मार्ट सिटी द्वारा प्रगतिरत मल्टी लेवल कार पार्किंग व आँल्ड नगर निगम बिल्डिंग के जीर्णोद्धार के कार्यो का भी निरीक्षण किया। मल्टी लेवल कार पार्किंग के निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त ने संबंधित अधिकारियो और वेंडर को सख्त हिदायत दी की इस कार्य को तय समय सीमा के मुताबिक कार्य योजना बनाकर कार्य को करे। उन्होने कहा कि महाराज बाड़े की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये यह पार्किंग अत्यंत जरूरी है। इसलिए इस काम में कोई ढ़िलाई न हो। श्री संघ प्रिय ने निरीक्षण के दौरान ओल्ड नगर निगम बिल्डिंग के जीणोद्धार कार्यो का भी निरीक्षण किया। उन्होने कार्य की गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्य की गति बढाने को लेकर वेंडर को निर्देशित किया। निगम आयुक्त ने ओल्ड नगर निगम बिल्डिंग में जो भी कक्ष खाली रहना शेष रह गए है उन्हें निगम के साथ समन्वय कर तुरन्त खाली कराये जाने के लिये भी संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया, ताकि निर्माण कार्य तेज गति से हो सके।

# 27 मई को शनि जयंती के अवसर पर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**मुरैना,कांस।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 मई को शनि जयंती होने से मंदिर श्री शनिदेव ऐंती पर्वत पर कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशन पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद ने अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। जानकारी के अनुसार श्री शनि मंदिर प्रांगण/मंदिर परिसर क्षेत्र में ऐंती पर्वत पर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बानमौर मोहनी साहू को नियुक्त किया है। इसी प्रकार शनि मंदिर प्रांगण में दोपहर 2 से शाम 8 बजे तक नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट श्री सोमित्व शर्मा को दायित्व सौंपे हैं। शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिये तीन टेंकर 26 मई की रात्रि से क्रमशः एक मंदिर के आस-पास, दूसरा शनिश्चरा स्टेशन पर, तीसरा ऐंती गांव रिठौरा पर रखने का दायित्व सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री आरपी बाजपेयी को सौंपा गया है। इसी प्रकार 26 मई को शाम तक साफ-सफाई एवं 27 मई को फायर ब्रिगेड उक्त दिवसों में रखने की व्यवस्था मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत बानमौर श्री दिनेश श्रीवास्तव को ग्राम पंचायत ऐंती एवं अन्य मंदिरों से समीपस्थ ग्राम पंचायत रिठौराकलां एवं मंदिर परिसर में ठंडे पानी के टेंकर रखवाने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुरैना श्री महावीर जाटव को दायित्व सौंपे गये हैं। एंबुलेंस की व्यवस्था, चिकित्सा टीम की व्यवस्था तथा स्वयं उक्त दिवस में उपस्थित रहने का दायित्व खंड चिकित्सा अधिकारी नूराबाद डॉ गिर्राज गुप्ता को सौंपा है। संपूर्ण कार्यक्रम के नोडल के रूप में एसडीएम मुरैना श्री भूपेन्द्र सिंह कुशवाह को नियुक्त किया गया है।

# ई संजीवनी हॉस्पिटल कैलारस का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण नहीं हो सका चालू - जिला चिकित्सा अधिकारी

**मुरैना,कांस।** गत दिवस दो साल में नहीं खुला 25 लाख से बना ई-संजीवनी शीर्षक से खबर का प्रकाशन समाचार पत्र में हुआ था जिसे संज्ञान में लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री पद्मेश उपाध्याय ने सहायक यंत्री श्री संजय विश्वकर्मा को अस्पताल की स्थिति की रिपोर्ट देने के लिए पत्र लिखा।पत्र के माध्यम से सहायक यंत्री द्वारा अवगत कराया है कि उक्त भवन मुख्यमंत्री ई-संजीवनी,नगरपालिका कैलारस को निर्माण हेतु दिया गया था।जो आज दिनांक तक पूर्ण नहीं हुआ है एवं समय-समय पर निरीक्षण कर कार्यलयीन पत्रों के माध्यम से अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने हेतु नगरपालिका कैलारस को अवगत भी कराया जा चुका है।उन्होंने बताया कि भवन में खिडकियां एवं दरवाजे टूटे हुए है पैन्ट का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, फ्लोर में दरार आ गयी है, मच्छर जाली नहीं है, पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, लाइट फिटिंग में अर्थिंग नहीं की गई है, ओपीडी कक्ष में वॉशवेसन नहीं है।इन स्थितियों को देखते हुए एवं भवन पूरा ना होने के कारण स्वास्थ्य विभाग को हस्तानान्तरित नहीं किया गया हैं।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पद्मेश उपाध्याय का कहना है कि अस्पताल का कार्य पूर्ण ना होने के कारण एवं स्वास्थ्य विभाग को हस्तानांतरित ना होने के कारण आज दिनांक तक वहाँ ई संजीवनी हॉस्पिटल का संचालन नहीं हो पाया है।

# फर्जी आरक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

**मुरैना,कांस।** पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा के दस्तावेज सत्यापन के दौरान एक फर्जी आरक्षक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 5वीं बटालियन में आरक्षक भर्ती परीक्षा के दस्तावेजो का सत्यापन निरीक्षक अजय तोमर द्वारा किया जा रहा था कि इसी दौरान आरक्षक रेडिया के दस्तावेजो का जैसे ही सत्यापन किया तो पता चला कि उसके आधार कार्ड कई बार अपडेट हुआ, जांच के दौरान यह भी पाया गया कि अभ्यार्थी के स्थान पर किसी अन्य के द्वारा परीक्षा भी दी गई है। थाना पुलिस ने फरियादी निरीक्षक अजय तोमर की रिपोर्ट पर से आरोपी हरीशंकर पुत्र केदार रावत निवासी खेतरपाल जिला श्योपुर के खिलाफ धारा 318(4),319(2),338,336(2),340(2) बीएनएस 3/4 परीक्षा अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# आश्रम व छात्रावासों के लिये 15 जून तक किए जा सकते हैं आवेदन

### ग्वालियर जिले में 91 आश्रम व छात्रावास संचालित हैं, प्रवेश संबंधी समस्याओं के समाधान के लिये विकासखंडवार नोडल अधिकारी नियुक्त, सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है निःशुल्क आवासीय सुविधा

**ग्वालियर ब्यूरो।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बच्चों को पहली से बारहवीं कक्षा एवं महाविद्यालय तक की पढ़ाई के लिए सरकार द्वारा आश्रम व छात्रावासों के माध्यम से निःशुल्क आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ग्वालियर जिले में राज्य शासन द्वारा 91 आश्रम व छात्रावास संचालित हैं। इन आश्रम व छात्रावासों में रिक्त पदों के अनुसार भर्ती की प्रक्रिया प्रचलन में है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभिभावक अपने बच्चों को नजदीकी आश्रम व छात्रावास में प्रवेश दिला सकते हैं। छात्रावासों में प्रवेश के लिये एक जून से 15 जून तक संबंधित छात्रावास अधीक्षक को आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जनजाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त को जिले के सभी आश्रम व छात्रावासों में उपलब्ध स्थानों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं, जिससे अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभिभावक अपने बच्चों को प्रवेश दिला सकें। कलेक्टर श्रीमती चौहान के निर्देश पर आश्रम व छात्रावासों में प्रवेश संबंधी समस्याओं के समाधान के लिये जिले के सभी विकासखंडों व ग्वालियर शहरी क्षेत्र में अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण श्री राकेश गुप्ता ने बताया कि छात्रावास में प्रवेश के लिये विद्यार्थी का निकटतम विद्यालय में दाखिला होना जरूरी है। जनजाति वर्ग की आश्रम शालाओं में विद्यालय तथा छात्रावास संयुक्त रूप से संचालित किए जाते हैं। इसलिए छात्रावास में प्रवेश के लिये अलग से आवेदन करने की जरूरत नहीं होती। छात्रावास व आश्रम में प्रवेश के लिये विद्यार्थी का एमपीटास पोर्टल पर पंजीकरण होना आवश्यक है। विद्यार्थी का गृह निवास छात्रावास की चार किलोमीटर की परिधि में नहीं होना चाहिए। छात्रावास में प्रवेश के लिये छात्रावास अधीक्षक को आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ एमपीटास प्रोफाइल पंजीयन, आधारकार्ड, अंतिम कक्षा की मार्कशीट व फोटोग्राफ इत्यादि दस्तावेज संलग्न करने होते हैं।

**प्रवेश में समस्या होने पर यहाँ किया जा सकता है संपर्क**

आश्रम व छात्रावासों में प्रवेश संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिये विकासखंडवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उनके कॉन्टेक्ट नम्बर पर संपर्क कर समस्या का निदान कराया जा सकता है। विकासखंड डबरा के लिये श्री सुखदेवराम भगत (मोबा. 9826556215) व श्री राकेश विमल (मोबा. 9977068118) को नोडल अधिकारी बनाया गया है। घाटीगाँव विकासखंड के लिये श्री नरेश कुमार सुमन (मोबा. 9826219136) व श्री बृजेश शुक्ला (मोबा. 9424341429), विकासखंड मुरार के लिये श्री राजेश कुमार गुप्ता (मोबा. 9424930122) व श्री प्रशांत मिश्रा (मोबा. 6267095726), ग्वालियर शहरी क्षेत्र के लिये श्री बृजेश कुमार छारी (मोबा. 9039689667) व श्री धर्मेन्द्र मौर्य (मोबा. 975583269) एवं विकासखंड भितरवार के लिये श्री विजय शर्मा (मोबा. 9752873688) व श्री प्रेम प्रकाश पिप्पल (मोबा. 8103163376) को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव 23 मई को ग्वालियर व भिण्ड जिले के प्रवास पर आयेंगे

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 मई को ग्वालियर व भिण्ड जिले के प्रवास पर आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस दिन दोपहर 2.40 बजे वायुमार्ग द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल ग्वालियर पधारेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर विमानतल से हैलीकॉप्टर द्वारा लहार जिला भिण्ड के लिये रवाना होंगे और वहाँ पर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद हैलीकॉप्टर द्वारा वापस सायंकाल लगभग 6.10 बजे ग्वालियर विमानतल पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ से सड़क मार्ग द्वारा रवाना होकर इंपीरियल गोल्फ रिसोर्ट पहुँचकर स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सायंकाल 7.30 बजे वापस ग्वालियर विमानतल पहुँचेंगे और यहाँ से थोड़ी देर बाद विमान द्वारा नईदिल्ली के लिये प्रस्थान करेंगे।

# मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान हेतु प्रशिक्षण दिया



**मुरैना,कांस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय के निर्देशन में सहायक मलेरिया अधिकारी डॉ. महेन्द्र यादव एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी महामाया यूपीएचसी डॉ. अभिषेक शर्मा द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महामाया में शहरी वार्ड सिंघल बस्ती में 23 मई, शनिवार एवं 29 मई, गुरुवार को फोकल मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान हेतु प्रभारी मेडिकल ऑफिसर, मलेरिया निरीक्षक, सुपरवाइजर, ए.एन.एम., एम.पी.डब्लू., आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया गया। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एम.डी.ए) अर्थात् सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जाना है। इस अभियान में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों एवं दवा सेवकों के माध्यम से सभी हितग्राही को घर-घर जाकर निःशुल्क फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जाएगा। 02 साल से अधिक उम्र (02 साल से कम उम्र के बच्चों एवं गर्भवती माताओं, गमीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) के जनसमुदाय को निर्धारित मात्रा में फाइलेरिया रोधी दवा डी.ई.सी (डाय इथाईल कार्बमिज़ीन) एवं एल्बेण्डाजोल दवा का सेवन कराया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया कि फाइलेरिया एक संक्रमित मच्छर (क्यूलेक्स) के द्वारा फैलने वाली बीमारी है। यह बीमारी एक धागे के समान कृमि वुचरेरिया बेनक्रेफ्टाई से होती है। बीमारी का संक्रमण लसिका (लिम्फ) ग्रंथियों में होता है। प्रदेश में फाइलेरिया बीमारी के संक्रमण हेतु क्यूलेक्स क्वींक्वीफेसियेटस प्रमुख वाहक मच्छर है। यह मच्छर सामान्यतः गंदे रूके हुए पानी में प्रजनन करता है।

**फाइलेरिया बीमारी के प्रमुख लक्षण**

लगातार बुखार,अंगों में दर्द एवं लालपन,पैरों, हाथ, अण्डकोष, स्तन आदि भागों में सूजन संक्रमण के 6 से 8 वर्षो के बाद भी हांथीपांव, हाइड्रोसिल के लक्षण प्रकट हो सकते है।

**फाइलेरिया बीमारी का संक्रमण**

फाइलेरिया परजीवी वयस्क मादा व नर कृमि के रूप में फाइलेरिया रोगी की लिम्फ पंथियों में रहते है, इनके प्रजनन पर मादा कृमि असंख्य सूक्ष्म माइक्रोफाइलेरिया को जन्म देती है। इनके विकसित होने में एक से डेढ़ वर्ष का समय लगता है।संक्रमित व्यक्ति को मच्छर द्वारा काटे जाने पर माइक्रोफाइलेरिया मच्छर के शरीर में चले जाते है एवं 12-14 दिन में परजीवी लार्वा अवस्था (एल 1, एल 2, एल 3 लार्वा) विकास करते है।ऐसा मच्छर जब अन्य स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तब परजीवी (एल 3) लार्वा) स्वस्थ मनुष्य के शरीर में प्रवेश करता है, जिसके विकसित होने उपरांत संक्रमण प्रारंभ हो जाता है। इस प्रकार संक्रमित व्यक्ति रोग ग्रसित हो सकता है।

**फाइलेरिया बीमारी की रोकथाम एवं बचाव**

फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करना, मच्छरों से काटने से स्वयं को बचायें, मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छररोधी क्रीम, स्पिलेट आदि का उपयोग करें।घर के आस-पास साफ सफाई रखना, जल जमाव न होने दें।फाइलेरिया बीमारी से बचाव के बारे में सभी जनसमुदाय को जागरूक करना। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम दो स्तंभों पर आधारित है। एमडीए अभियान फाइलेरिया रोधी दवाइयों का सेवन। मोर्बिडिटी मैनेजमेंट ऐंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी), लिम्फेडिमा मरीज की घर पर देखभाल और रुग्णता प्रबंधन, साथ ही हाइड्रोसील के लिए ऑपरेशन।

# रुद्रप्रताप बने क्षत्रिय राठौर युवा सेना मध्यप्रदेश के प्रदेश महामंत्री



**मुरैना,कांस।** क्षत्रिय राठौर युवा सेना मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष किशोर राठौर ने मार्गदर्शक मण्डल की अनुशंसा पर प्रदेश स्तरीय जंबो कार्यकारणी की घोषणा की जिसमे प्रदेश उपाध्यक्षों प्रदेश महामंत्री समेत अन्य पदों पर मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों से सामाजिक युवाओं को मनोनीत किया है जिसमें मुरैना के समाजसेवी व गौभक्त कुँ.रुद्रप्रताप सिंह राठौर को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है अध्यक्ष किशोर राठौर ने बताया कि कार्यकारिणी के गठन का मुख्य उद्देश्य समाज में क्रांतिकारी एवं वैचारिक परिवर्तन सकारात्मक रूप से लागू करने का प्रयास करने जा रहे हैं इसके साथ ही सभी पदाधिकारी से अनुरोध करता हूं कि वह अपने-अपने क्षेत्र में समाज के उत्थान एवं विकास के लिए माहिती जिम्मेदारी अदा करें महामंत्री रुद्रप्रताप सिंह राठौर ने बताया कि आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों में भी कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। कार्यकारिणी गठन का मुख्य उद्देश्य समाज में क्रांतिकारी एवं सकारात्मक वैचारिक परिवर्तन लाना है प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकारिणी में पदाधिकारी के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में नीलेश राठौर हरदा, दिलीप राठौर देवास, कमलेश राठौर इंदौर, प्राची राठौर खरगोन, सोनू राठौर देवास, प्रदेश महामंत्री के रूप में नितेश राठौर भोपाल रुद्रप्रताप सिंह राठौर मुरैना, अनिल राठौर खंडवा, प्रदेश मंत्री के रूप में एडवोकेट दिप्ती राठौर नर्मदापुरम, नवीन राठौर हरदा, दीपक राठौर रतलाम, अशोक राठौर खरगोन,अंकुश राठौर बैतूल, अनिल राठौर प्रदेश कार्यालय मंत्री खंडवा, सचिन राठौर प्रदेश कोषाध्यक्ष देवास,शैलेंद्र राठौर प्रदेश मीडिया प्रभारी देवास, आशीष राठौर प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी खंडवा, और विनय राठौर प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी नर्मदापुरम नियुक्त किए गए। सम्पूर्ण कार्यकारणी में मालवा और मध्यभारत प्रांत के सामाजिक कार्यकर्ताओं को संगठन में दायित्व दिया। इस नवीन दायित्व पर मनोनीत सभी पदाधिकारी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं करता हूं एवं बधाई प्रेषित करता हूं।

# खुशियों की दास्तां

### मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है राघवेन्द्र सिंह ने जल जीवन मिशन की टंकी के माध्यम से स्वयं के बोर से कर रहे हैं गाँव की पेयजल आपूर्ति



**ग्वालियर।** जल जीवन मिशन के तहत घर-घर में नल की टोंटी के माध्यम से नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। सरकार के इस पुनीत अभियान में नागरिकों की भागीदारी भी सामने आई है। ग्वालियर जिले के भितरवार विकासखंड के ग्राम बड़ा रायपुर के निवासी श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर ने आम जनों को पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिये बड़ा दिल दिखाते हुए न केवल अपनी निजी भूमि पेयजल टंकी के निर्माण के लिये दान में दी, बल्कि शासकीय बोर में पानी का स्तर कम होने पर अपनी निजी बोर से सार्वजनिक पानी की टंकी को भरने के लिये आगे आकर अपने बोर का पानी भी टंकी में देने की सराहनीय पहल की है। श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर के सहयोग से 300 परिवारों के इस गाँव में हर घर को प्रतिदिन पर्याप्त और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। भरी गर्मी में भी गाँव में ट्रेक्टर ट्रॉली के माध्यम से पानी लाने की कोई आवश्यकता किसी को भी महसूस नहीं हो रही है। श्री राघवेन्द्र सिंह द्वारा ग्रामीणों के हित में जो कार्य किया गया है उसकी न केवल प्रशासन बल्कि गाँव के निवासी भी भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं। ग्वालियर जिले में जल जीवन मिशन के तहत गाँव-गाँव में पेयजल टंकी का निर्माण करने के साथ ही पाइप लाइन बिछाकर आम जनों को पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत बड़ा रायपुर में भी पानी की टंकी का निर्माण किया गया। निर्माण के समय उपयुक्त शासकीय भूमि न मिलने पर गाँव के ही निवासी श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर ने अपनी पुस्तैनी जमीन टंकी के निर्माण के लिये प्रदान की। उन्होंने शासकीय बोर में पानी कम होने पर अपने निजी बोर से पानी की टंकी को भरने की पहल भी की है। श्री राघवेन्द्र सिंह स्वयं ही टंकी से पानी खोलने और बंद करने का कार्य भी करते हैं। विभागीय तौर पर उन्हें इस कार्य के लिये तैनात किया गया है। उनका कहना है कि बड़े बुजुर्ग कह गए हैं कि पानी पिलाना पुण्य का काम है। इसी भावना के साथ अपनी भूमि और अपना बोर आम जनों के लिये उपलब्ध कराया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता श्री आर एल एस मौर्य जब कार्यपालन यंत्री सुश्री मेघा शर्मा के साथ बड़ा रायपुर पहुँचे तो उन्होंने टंकी का निरीक्षण किया और जानकारी प्राप्त की। श्री राघवेन्द्र सिंह ने इस मौके पर कहा कि गाँव के निवासियों को पानी तो उपलब्ध हो रहा है लेकिन पानी का पैसा पंचायत को नहीं मिल रहा है। इस कारण योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिये ग्रामीणों को पेयजल का पैसा भी जमा करने का आग्रह किया जा रहा है। मुख्य अभियंता श्री मौर्य ने श्री राघवेन्द्र सिंह द्वारा नल-जल योजना के तहत पानी की टंकी निर्माण के लिये स्वयं की जमीन देने और अपने निजी बोर से पानी उपलब्ध कराने के लिये धन्यवाद भी ज्ञापित किया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बड़वारी तालाब की साफ-सफाई की



**मुरैना,कांस।** जल संसाधन संभाग मुरैना के नेतृत्व में जल संसाधन एबीसी उपसंभाग क्रमांक 2 मुरैना के अनुविभागीय अधिकारी श्री अंकित प्रताप सिंह, श्री सुरेश चंद्र शर्मा, श्री डीके गौड़, श्री मुलायम सिंह तोमर, विनोद सिकरवार, ग्राम पंचायत के सरपंच श्री राजवीर सिंह हर्षाना, श्री पीयूष हर्षाना, सचिव श्री मुकेश दुबे तथा मैदानी कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा गत दिवस बड़वारी तालाब के स्लूस गेट पर साफ-सफाई का कार्य किया गया।

# देश भक्ति के जौश के साथ निकाली तिरंगा यात्रा




**बानमौर।** ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में चलाई जा रही तिरंगा यात्रा के दौरान बानमोर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया बानमौर नगर में यह यात्रा नगर परिषद तिराहे से प्रारंभ होकर सदर बाजार फूलगंज होती हुई पुलिस थाने तक पहुंची। इस यात्रा में 200 से अधिक आम नागरिक अपने-अपने हाथों में तिरंगा झंडा लिए तथा भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाते हुए चल रहे थे । रास्ते में नगर वासियों ने जगह-जगह तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर जोरदारी से स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष राजवीर यादव गोविंद बंसल बल्लू यादव दीपेश गर्ग देवेंद्र पुरिया वासुदेव सैमिल सहित सैकड़ो की संख्या में अनेक लोग उपस्थित थे।

# उपचार के दौरान युवक की मौत

**मुरैना,कांस।** देवगढ थाना क्षेत्र में सडक हादसे में घायल हुए एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 17 मई को आशीष पुत्र रामप्रकाश रजक उम्र 27 साल सडक हादसे में घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया था जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने युवक की मौत पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार एक अन्य जानकारी के अनुसार पोरसा थाना क्षेत्र के शेरपुर रोउ पर जा रहे राहुल पुत्र राकेश उम्र 29 साल सडक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए जयारोग्य चिकित्सालय ग्वालियर में भर्ती कराया गया था जहॉ उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

